सांध्य दैनिक

# नई दृष्टिबिंदु

सच की शक्ति, जनता की दृष्टि

PRGI Reg No - CTHIN/25/A3746

**सु-विचार**

*जब लोग दाग ढूंढने में व्यस्त हो*
*तब सम-ा लेना*
*आपकी चमक उनसे बर्दाश्त नहीं हो रही... ।*

*अज्ञात...*

वर्ष–01 अंक–32 | संपादक आलोक तिवारी | दुर्ग, गुरुवार 19 फरवरी 2026 | पृष्ठ 08 | मूल्य –2 रुपए,



# युकां अध्यक्ष जयंत के नेतृत्व में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को चार सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा

*नई दृष्टिबिंदु / दुर्ग*

बुधवार को जिला युवा कांग्रेस दुर्ग (ग्रामीण) के अध्यक्ष जयंत देशमुख के नेतृत्व में सैकड़ों युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सेक्टर-6 कंट्रोल रूम पहुंचकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुखनंदन राठौड़ को चार सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में प्रमुख रूप से आरोप लगाया गया कि एक कैबिनेट मंत्री द्वारा बिना हेलमेट बाइक चलाने के मामले में ट्रैफिक पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इसके बाद हेलमेट पहनने की टाइमिंग को लेकर दिए गए कथित अवैधानिक बयान के विरोध में एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष वरुण केवल्तानी व कार्यकर्ताओं द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया, जिस पर उनके विरुद्ध BNS की धाराओं 126(2), 34(2), 132, 221 एवं 3(5) के तहत गंभीर अपराध दर्ज किया गया। युवा कांग्रेस ने इसे द्वेषपूर्ण कार्रवाई बताते हुए इसकी कड़ी निंदा की।

युवा कांग्रेस का कहना है कि संविधान और कानून की रक्षा की शपथ लेने के बावजूद ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले सत्ताधारी दल के मंत्री पर केवल चालान तक की कार्रवाई नहीं हुई, जबकि विरोध करने वाले छात्र नेताओं पर गंभीर धाराएं लगाई गईं। इससे यह स्पष्ट होता है कि दुर्ग पुलिस के कुछ अधिकारी राजनीतिक प्रभाव में काम कर रहे हैं, जो लोकतंत्र के लिए हितकारी नहीं है।



इस विरोध के प्रतीकात्मक रूप में युवा कांग्रेस ने ट्रैफिक पुलिस स्टाफ को गुलदस्ता एवं "Get Well Soon" कार्ड भेंट कर शीघ्र 'स्वास्थ्य लाभ' की कामना करने की बात कही।

ज्ञापन में जिले में चोरी, चाकूबाजी व अन्य गंभीर अपराधों पर प्रभावी रोक नहीं लग पाने को गंभीर चिंता बताया गया, जिसके विरोध में भी गुलदस्ता भेंट करने की घोषणा की गई।बीते तीन वर्षों से शेयर मार्केट के नाम पर कथित 1000 करोड़ रुपये से अधिक की ठगी कर विदेश फरार हुए योगेश साहू के मामले में ठोस कार्रवाई न होने पर नाराजगी जताई गई।

महादेव सट्टा सहित अन्य ऑनलाइन बेटिंग ऐप के संचालकों सौरभ चंद्राकर व रवि उप्पल की गिरफ्तारी न होना और सोशल मीडिया के जरिए दुर्ग-भिलाई में ऑनलाइन सट्टे का कारोबार फलना-फूलना, प्रशासन की बड़ी विफलता बताया गया।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुखनंदन राठौड़ ने सभी बिंदुओं पर शीघ्र उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस पर जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष जयंत देशमुख ने कहा कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो संगठन शांतिपूर्ण एवं गांधीवादी तरीके से विरोध प्रदर्शन करेगा।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गुरदीप सिंह भाटिया, पूर्व जनपद सदस्य ज्ञानेश्वर विक्की मिश्र, एनएसयूआई प्रदेश उपाध्यक्ष सोनू साहू सहित बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस व एनएसयूआई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## चला निगम का बेदखली अभियान, लगाया जुर्माना

*नई दृष्टिबिंदु / भिलाई*



नगर पालिक निगम भिलाई आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा प्रातः भ्रमण में दिये गये निर्देशानुसार नंदनी रोड में फल ठेला संचालको पर बेदखली कार्यवाहीकी गई। दुकानदारों द्वारा सर्विस रोड पर ठेला लगाकर व्यवसाय किया जाता है। आवागमन एवं बढ़ते सड़क दुर्घटना को दृष्टिगत करते हुए दुकान पीछे हटाकर लगाने समझाइस दिया गया था, किन्तु दुकान नहीं हटाया गया।

निगम और पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा दुकानो को बेदखल करते हुए चालानी कार्यवाही किया गया है। भविष्य में इस तरह कृत्य के लिए बड़ी दंडात्मक कार्यवाही होगी, जिस के लिए अवगत कराया गया है। कायर्वाही के दौरान सहायक राजस्व अधिकारी बसंत देवांगन, बालकृष्ण नायडू, बेदखली प्रभारी विनय शर्मा, बेदखली सहायक हरिओम गुप्ता, पुलिस अधिकारी व कर्मचारी सहित बेदखली टीम के कर्मचारी उपस्थित रहे।

### अव्यवस्था पर निगम सख्त, नाप-जोख करने पहुंचे प्रभारी




**दुर्ग।** नगर पालिक निगम, दुर्ग सीमा क्षेत्र अंतर्गत पुराना सिटी कोतवाली के पीछे स्थित निम्बू लाइन क्षेत्र में सड़क किनारे अवैध रूप से पसरा एवं ठेला लगाकर व्यवसाय करने वालों के विरुद्ध निगम प्रशासन द्वारा विशेष अभियान चलाया गया।

बाजार एवं राजस्व प्रभारी शेखर चन्द्राकर के नेतृत्व में बाजार अधिकारी अभ्युदय मिश्रा, अतिक्रमण अधिकारी परमेश्वर, शशिकांत यादव तथा ईश्वर वर्मा की टीम स्वयं मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने टेप के माध्यम से सड़क किनारे दुकान लगाने वाले व्यवसायियों के लिए निर्धारित स्थान की नाप-जोख कर व्यवस्थित रूप से चिन्हांकन किया।

इस दौरान पसरा दुकानों के लिए निर्धारित जगह के आकार को सुव्यवस्थित एवं सीमित किया गया, ताकि सड़क मार्ग बाधित न हो और आम नागरिकों को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो। प्रभारी श्री चन्द्राकर ने स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी कि यदि कोई दुकानदार निर्धारित लाइन के बाहर दुकान लगाते पाया जाता है तो उस पर जुर्माना लगाया जाएगा तथा आवश्यकता पड़ने पर सामान भी जब्त किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मार्केट क्षेत्र में प्रतिदिन बड़ी संख्या में नागरिकों का आना-जाना लगा रहता है। ऐसी स्थिति में सड़क किनारे अनियमित रूप से पसरा लगाने से यातायात बाधित होता है और अव्यवस्था की स्थिति बनती है।

# मुक्तिधाम में अनधिकृत कब्जा महापौर बाघनार के निर्देश पर तत्काल प्रभाव से हटाया कब्जा

*नई दृष्टिबिंदु / दुर्ग*

नगर पालिक निगम क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 60 रायपुर नाका स्थित मुक्तिधाम परिसर में छत्तीसगढ़ मूतिर्कार संघ द्वारा एक कक्ष में किए गए अनधिकृत कब्जे को महापौर श्रीमती अल्का बाघनार के निर्देश पर तत्काल प्रभाव से हटाया गया। निगम प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया कि शासकीय भूमि एवं सार्वजनिक स्थलों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

महापौर अलका बाघमार के निर्देशानुसार संबंधित अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया तथा कब्जा हटाने की कारर्वाई सुनिश्चित की। साथ ही छत्तीसगढ़ मूर्तिकार संघ को भविष्य में बिना अनुमति किसी भी स्थल पर अतिक्रमण न करने हेतु सख्त चेतावनी दी गई है। निगम प्रशासन ने दो टूक शब्दों में कहा है कि यदि पुनः इस प्रकार की गतिविधि पाई जाती है तो नियमानुसार कठोर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। इसके अतिरिक्त रायपुर नाका स्थित मुक्तिधाम से लगे गार्डन के सौंदर्यीकरण के लिए भी अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए हैं। परिसर को स्वच्छ, व्यवस्थित एवं आम नागरिकों के उपयोग हेतु सुगम बनाने के उद्देश्य से सौंदर्यीकरण कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा।



मुक्तिधाम परिसर में स्थल की सीमित उपलब्धता को दृष्टिगत रखते हुए भविष्य में शासकीय भूमि पर शव चबूतरा निर्माण पर पूर्णतः रोक लगाने का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में अधिकारियों को तत्काल निषेध बोर्ड स्थापित करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि आमजन को स्पष्ट जानकारी मिल सके और अनावश्यक निर्माण कार्यों पर प्रभावी नियंत्रण रखा जा सके। नगर निगम प्रशासन ने पुनः दोहराया है कि सार्वजनिक स्थलों की सुरक्षा, सुव्यवस्था एवं सौंदर्य संरक्षण सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा या निर्माण सख्ती से रोका।

इस संपूर्ण कार्यवाही के दौरान सभापति श्याम शर्मा, एमआईसी देव नारायण चंद्रकार, ज्ञानेश्वर तानकर, काशीराम कोसरे, युवराज कुंजम, अरुण सिंह, मनमोहन शर्मा के अलावा सहायक अभियंता संजय ठाकुर, उपअभियंता हरिशंकर साहू, पंकज साहू उपस्थित थे।

### बहेगी विकास की गंगा, सड़क पेवर ब्लॉक सहित कई विकास कार्य हुए प्रारंभ

*नगर पालिक निगम दुर्ग सीमा क्षेत्र अंतर्गत ठगड़ा बांध वार्ड क्रमांक 48 पुलिस लाइन मेन गेट के सामने से लेकर फुटबॉल ग्राउंड तक 15वें वित्त आयोग मद से स्वीकृत 49 लाख रुपये की लागत से सड़क डामरीकरण कार्य का भूमिपूजन किया गया। इसके साथ ही पुलिस लाइन क्षेत्र में 7.95 लाख रुपये की लागत से पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य का निरीक्षण भी किया गया। निर्माण कार्य का शुभारंभमहापौर श्रीमती अलका बाघमार द्वारा विधिवत पूजा-अचर्ना के साथ किया गया। महत्वपूर्ण मार्ग पर डामरीकरण कार्य प्रारंभ होने से पुलिस लाइन क्षेत्र सहित आसपास के नागरिकों को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी। लंबे समय से सड़क की जर्जर स्थिति के कारण लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था, जिसे ध्यान में रखते हुए यह कार्य स्वीकृत किया गया है। पुलिस लाइन क्षेत्र में 7.95 लाख रुपये की लागत से पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य किया जा रहा है। इससे क्षेत्र में जलभराव की समस्या से राहत मिलेगी तथा आवागमन अधिक सुगम और सुरक्षित होगा। महापौर ने मौके पर पहुंचकर कार्य की गुणवत्ता का निरीक्षण किया।*

*इस अवसर पर महापौर श्रीमती अलका बाघमार ने कहा कि पुलिस लाइन जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण सड़क एवं पेवर ब्लॉक निर्माण अत्यंत आवश्यक है, जिससे आमजन को सुरक्षित, स्वच्छ और व्यवस्थित आवागमन की सुविधा मिल सके। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्य निर्धारित मापदंडों एवं गुणवत्ता के अनुरूप उनकी निगरानी में ही पूर्ण कराया जाए, ताकि नागरिकों को लंबे समय तक इसका लाभ मिल सके।*

*मौके पर सभापति श्याम शर्मा, लोककर्म प्रभारी देवनारायण चंद्राकर, वित्त प्रभारी नरेंद्र बंजारे, एमआईसी सदस्य ज्ञानेश्वर ताम्रकर, काशीराम कोसरे, वार्ड पार्षद लोकेश्वरी ठाकुर, सरिता चंद्रकार, गुलशन साहू, यूवराज कुंजाम, मनोज सोनी, मंडल अध्यक्ष हरीश चौहान, संभव जैन, सहायक अभियंता राजेन्द्र धवाले, उपअभियंता करण यादव सहित वाडर्वासी उपस्थित रहे। महापौर ने कहा कि नगर पालिक निगम दुर्ग शहर के प्रत्येक वार्ड में आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु निरंतर कार्य कर रहा है। नागरिकों की सुविधा सर्वोपरि है और विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।*

## राज्य सरकार ने आरटीई के तहत नर्सरी, केजी-1 में प्रवेश बंद किया ये निर्णय गरीबों पे अत्याचार है: अय्यूब खान



*नई दृष्टिबिंदु / भिलाई*

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस सचिव अय्यूब खान ने बताया कि विष्णु देव सरकार का एक और गरीबों के लिये दुर्भाग्यजन निर्णय शासन द्वारा आरटीई (Right to Education) के अंतर्गत पहले बहुत से निजी स्कूल मे नसर्री, केजी-1 एवं केजी-2 कक्षाओं में बच्चों का प्रवेश दिया जाता था जो अब बंद कर क्लास 1 से एडमिशन देना का निर्णय राज्य शासन ने लिया है ये निर्णय अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण एवं गरीब-मध्यमवर्गीय परिवारों के बच्चों के भविष्य के साथ अन्याय है। यह निर्णय शिक्षा के अधिकार की मूल भावना के विपरीत है, जिसका उद्देश्य प्रत्येक बच्चे को समान एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है।

आरटीई के माध्यम से अब तक हजारों लाखों जरूरतमंद बच्चों को निजी विद्यालयों में प्रारंभिक शिक्षा का अवसर मिलता रहा है। इस निर्णय से समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों की शिक्षा बाधित होगी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। हम राज्य शासन से मांग करते हैं कि इस निर्णय पर पुनविर्चार कर नसर्री, केजी-1 एवं केजी-2 कक्षाओं में आरटीई के अंतर्गत प्रवेश की व्यवस्था को तत्काल पुनः प्रारंभ किया जाए, ताकि सभी बच्चों को समान शिक्षा का अधिकार मिल सके। यदि इस निर्णय को वापस नहीं लिया गया कांग्रेस के साथ, अभिभावक, शिक्षा से जुड़े लोग लोकतांत्रिक तरीके से विरोध प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे।

अय्यूब खान ने कहा कि हमारी प्रमुख मांगें है कि नसर्री, केजी-1 एवं केजी-2 में आरटीई प्रवेश तत्काल बहाल किया जाए। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों के शिक्षा अधिकार की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। शिक्षा नीति में पारदशिर्ता एवं समान अवसर की गारंटी दी जाए। इस निर्णय से ये प्रतीत हो रहा है राज्य सरकार कि ये निजी प्ले स्कूल्स, नसर्री स्कूल को फायदा पहुंचाने वाला है राज्य सरकार आर टी ई योजना को फेयर बदल कर सीधे क्लास 1 से भर्ती देना का आदेश दिया है और 16 फरवरी आर टी ई का आवेदन पोर्टल ओपन किया गया है जिसमें सीधे क्लास 1 से भर्ती दिखा रहा है जो पहले केजी 1 नसर्री से होता था।

## धनोरा में अंतरराज्यीय युवा शिविर का आयोजन हुआ

# फील्ड विजिट से गोवा के युवाओं ने जाना छत्तीसगढ़ का इतिहास

*नई दृष्टिबिंदु / भिलाई*

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा राज्य की कला, संस्कृति एवं इतिहास से युवाओं को परिचित कराने के उद्देश्य से माय भारत, दुर्ग युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा तुलसी पैलेस धनोरा में अंतरराज्यीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम में गोवा के 37 युवाओं ने हिस्सा लिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग ग्रामीण के विधायक ललित चंद्राकर विशेष रूप से उपस्थित रहे। माय भारत दुर्ग उपनिदेशक नितिन शर्मा ने बताया कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को संस्कृति, कला, सामाजिक जागरूकता, नेतृत्व क्षमता एवं व्यवहारिक ज्ञान से जोड़ना था। इस दौरान प्रतिभागियों को कौशल प्रशिक्षण, नेतृत्व क्षमता विकास, कला एवं साहित्य, साइबर अपराध से बचाव, बैंकिंग फ्रॉड से सुरक्षा, स्वास्थ्य जागरूकता, मनोविज्ञान एवं




मानसिक स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण एवं जागरूकता सत्र प्रदान किए गए।

इस दौरान सहयोगी एफएम रेडियो एवं सहयोगी मित्र मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिन्हा द्वारा युवा नेतृत्व एवं व्यक्तित्व विकास, ग्राम पंचायत कातरो सरपंच व मास्टर ट्रेनर जीतेन्द्र सोनी द्वारा टीम बिल्डिंग तथा योगेश चंद्राकर द्वारा छत्तीसगढ़ी कला एवं संस्कृति विषय पर युवाओं को जानकारी प्रदान की।

गोवा से आए प्रतिभागियों को दो दिवसीय फील्ड विजिट अंतर्गत रायपुर स्थित शहीद वीर नारायण सिंह स्मारक सह जनजातीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संग्रहालय व धमतरी स्थित गंगरेल डैम, अंगारमोती माता मंदिर एवं मां विंध्यवासिनी मंदिर का भ्रमण कराया गया।

साथ ही सामाजिक एवं विकासात्मक कार्यों की जमीनी वास्तविकताओं से युवाओं को अवगत कराने युवा रत्न अवार्ड विजेता युवा स्टार समिति खरतुली ग्राम का भी भ्रमण कराया गया।कार्यक्रम दौरान प्रतिभागियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुति दी गई, जिसमें युवाओं ने अपनी कला एवं प्रतिभा का सुंदर प्रदर्शन किया।कार्यक्रम के सफल संचालन में अकाउंटेंट आरती मिश्रा, ऑफिस असिस्टेंट आशीष मालिक, कार्यालय स्टाफ तथा स्वयंसेवकों यशवंत टंडन, योगेश साहू, उमेंद्र, गौरव श्रीवास सहित अन्य सदस्यों का विशेष योगदान रहा


# बिना टोटी वाले नल कनेक्शन को तत्काल काटे : महापौर

**निर्देश**

स्वच्छता दीदी व सफाई कामगार को दैनिक कार्य के लिए उचित संसाधन उपलब्ध कराए

*नई दृष्टिबिंदु / रिसाली*

रिसाली महापौर शशि सिन्हा ने निर्देश दिए है कि जिनके घरों के नल पर टोटी नहीं लगा है उनका कनेक्शन तत्काल काटा जाए। सड़क पर बहते पानी को देख महापौर ने यह निर्णय ली। वें वार्ड 33 नेवई बस्ती पूर्व का भ्रमण करते हुए समस्याओं से रूबरू हुई।



नगर पालिक निगम रिसाली महापौर शशि सिन्हा बुधवार की सुबह नेवई बस्ती पहुंची। इस दौरान उन्होंने सड़क पर पानी बहते देख नाराजगी जाहीर की। बाद में खुलासा हुआ कि अधिकांश डेयरी संचालक के घरों में नल कनेक्शन लगा हुआ है जो पानी भरने के बाद नल को खुला छोड़ देते है। इस वजह से पानी सड़क से होते हुए नाली में बह जाता है। महापौर ने इस दौरान ऐसे लोगों पर आक्रोश व्यक्त की, जिन्होंने नल कनेक्शन पाईप में टोटी नहीं लगाया है। महापौर शशि ने निगम अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऐसे लोगों को सुचीबद्ध कर पहले समझाईश दे इसके बाद भी असर नहीं होने पर तत्काल नल कनेक्शन विच्छेद की कार्यवाही करे। इस दौरान एमआईसी अनिल देशमुख, संजू नेताम, रोहित धनकर, उप अभियंता जयंत शर्मा, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी अमित चंद्राकर समेत जल विभाग के गोपाल सिन्हा आदि उपस्थित थे।

### बिजली विभाग से करें सम्पर्क

भ्रमण के दौरान महापौर को सूचना मिली की बिजली खंभा झुक गया है और दिवार से चिपक गया है। इस वजह से दिवार पर करंट प्रवाहित हो रहा है। महापौर शशि ने इसे गंभीरता से लेते हुए निगम के कमर्चारियों को निर्देश दिए कि बिना विलंब किए विद्युत वितरण कंपनी से सम्पर्क कर समस्या को दूर करें।

### कर्मचारियों को दे संसाधन

महापौर ने भ्रमण के दौरान सफाई व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने सफाई कार्य करने वाले कमर्चारियों से बातचीत की। बिना दस्ताना के सफाई कार्य किए जाने पर स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि एजेंसी से चर्चा उपरांत स्वच्छता दीदी व सफाई कामगार को दैनिक कार्य के लिए उचित संसाधन उपलब्ध कराए।

# 16 करोड़ की अधोसंरचना राशि स्वीकृत, दुर्ग शहर के 60 वार्डो में तेजी से होगा विकास कार्य

*नई दृष्टिबिंदु / दुर्ग*

शहर क्षेत्र अंतर्गत नगर पालिक निगम के 60 वार्डों में अंदरूनी सड़कों, नालियों एवं अन्य अधोसंरचना कार्यों के लिए 16 करोड़ रुपये की राशि शासन द्वारा स्वीकृत की गई है। यह स्वीकृति महापौर अलका बाघमार के लगातार प्रयासों का परिणाम है। लंबे समय से गली-मोहल्लों में जर्जर सड़कों और क्षतिग्रस्त नालियों की समस्या के समाधान हेतु की जा रही मांग को अंततः शासन ने हरी झंडी दे दी है।

अधोसंरचना मद से प्राप्त 16 करोड़ रुपये की स्वीकृति पर महापौर अलका बाघमार ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं डिप्टी सीएम व नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह राशि केवल सड़क और नाली निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सरकार और जनता के बीच विश्वास की कड़ी को और अधिक मजबूत करने का प्रतीक है।





महापौर अलका बाघमार ने जानकारी दी कि इससे पूर्व लगभग 64 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न विकास कार्यों की स्वीकृति मिल चुकी है, जिनकी टेंडर प्रक्रिया जारी है।

बता दे कि 9 करोड़ धमधा रोड से आदित्य नगर सिंधिया नगर होते हुए रायपुर नाका, 9 करोड़ शहीद चौक से राजेंद्र पार्क सड़क चौड़ीकरण, 4 करोड़ साइंस कॉलेज के बगल से कैनल रोड, 17 करोड़ मल्टी नेशनल पार्किंग इंदिरा मार्केट, 3 करोड़ का नाला करीडीहि।

महापौर ने कहा कि मुख्य मार्गों के साथ-साथ अब गली-मोहल्लों में मूलभूत सुविधाओं की कमी को दूर करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। जिन क्षेत्रों में सड़कें और नालियां खराब हैं, वहां शीघ्र कार्य प्रारंभ कर नागरिकों को राहत पहुंचाई जाएगी। उन्होंने दोहराया कि निगम का संकल्प है कि विकास की गति सतत बनी रहे और प्रत्येक वार्ड तक मूलभूत सुविधाएं सुलभ हों।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजना के अन्तर्गत 2025-26 के द्वितीय चरण में निकाय क्षेत्रान्तर्गत आवश्यक कार्य गुण्डरदेही रोड़ से गौठान होते हुए प्रधानमंत्री आवास (ए.एच.पी.) कॉलोनी होते हुए हेमचन्द यादव विश्वविद्यालय एवं पोटिया चौक तक सड़क चौड़ीकरण कार्य। (लंबाई 4.50 कि.मी. के लिए 14 करोड़ साथ ही उरला मुख्य मार्ग से प्रस्तावित एस.टी.पी. तक सड़क चौड़ीकरण कार्य हेतु 3 करोड़ की राशि से किया जाएगा।

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई के न्यायालय में मामला क्रमांक : 202602101000113**

विषय :- ब-121, मामले की श्रेणी : राजस्व
सन् :-2025-2026, कुरूद प.ह.न. 00046 [(हे0)]
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार श्रीमती गंगोत्री बाई, अनावेदक पक्षकार -

**ईशतहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती गंगोत्री बाई पिता/पति/विभाग- श्री अशोक कुमार पता-केम्प 01 भिलाई तह व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कुरूद प.ह.न. 45 रा.नि.म. कोहका, तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.न. 1603/141 रकबा 0.02 हे.भूमि जिसका डायवर्शन हो चुका है जो त्रुटिपूर्ण राजस्व रिकार्ड में परिवर्तित के स्थान पर कृषि भूमि दर्ज हो गया है जिसे सुधार किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में आवेदनमय दस्तावेज प्रस्तुत किया है। प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। 2. इश्तरका प्रकाशन कराई जावे। हल्का पटवारी से जाच प्रतिवेदन प्राप्त किया जावे।

उपरोक्त भूमि का नामान्तरण किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति संस्था को उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 27.02. 2026 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईशतहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 17:02:2026 को जारी किया जाता है।

अतिरिक्त तहसीलदार
भिलाई नगर

**!! न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर तहसील व जिला दुर्ग !!**

**- ईश्तहार-**

रा०प्र०क० 02602101000135/ अ-6 वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मुकेश चंदेल पिता कन्हैया लाल निवासी भिलाई द्वारा ग्राम कोहका प०ह०नं० 45 स्थित भूमि ख0नं0 3955 रकबा 0.0110हे० भूमि आवेदक के माता के नाम पर दर्ज है भूमिस्वामी की मृत्यु हो जाने से भूमिस्वामी का नाम विलोपित कर उनके विधिक द्वारीसानो का नाम दर्ज किये जाने के संबंध में आवेदन-पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अत : उक्त संबंध में पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 09.03.2026 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13.02.2026 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

अतिरिक्त तहसीलदार
भिलाई नगर

सांध्य दैनिक
# नई दृष्टिबिंदु
सच की शक्ति, जनता की दृष्टि
दुर्ग, गुरुवार 19 फरवरी 2026

**सु-विचार**

*थोड़ी अकड़ होना भी जरुरी है जिन्दगी में...*
*वरना जिस तार में करंट नहीं होता*
*उसे लोग मुंह से ही छील देते हैं ...।*
*अज्ञात...*

# खैरागढ़ की राजनीति में हलचल : महिला नेत्री की शिकायत पर पूर्व विधायक के खिलाफ मामला दर्ज

*आलोक तिवारी / भिलाई-राजनांदगांव*

खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र की राजनीति में इन दिनों एक मामला चर्चाओं के केंद्र में है। एक महिला नेत्री ने अपने ही दल के एक पूर्व विधायक पर उत्पीड़न और कथित आपत्तिजनक वीडियो/तस्वीर भेजकर बदनाम करने व वायरल करने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए खैरागढ़ जिला पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।

सूत्रों के अनुसार, करीब एक से डेढ़ माह पूर्व पुलिस को लिखित शिकायत दी गई थी। पुलिस ने मामले को दर्ज करते हुए उसे 'संवेदनशील' श्रेणी में डाल दिया है और पोर्टल पर विवरण को सीमित पहुंच (लॉक) में रखा गया है। आधिकारिक स्तर पर विस्तृत जानकारी साझा नहीं की गई है।

## आंदोलन से जुड़ा बताया जा रहा है विवाद

**'एफआईआर को खैरागढ़ जिला पुलिस ने रखा संवेदनशील श्रेणी में '**

जानकारी के मुताबिक, हाल में जिले में एक सीमेंट फैक्ट्री के खिलाफ ग्रामीणों द्वारा आंदोलन किया गया था, जिसमें संबंधित महिला नेत्री भी सक्रिय भूमिका में थीं। आरोप है कि इसी दौरान उन्हें एक मोबाइल नंबर से कथित आपत्तिजनक सामग्री भेजी गई और बदनाम करने की धमकी दी गई।

पुलिस सूत्रों का कहना है कि शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर प्रारंभिक जांच की जा रही है। हालांकि अब तक किसी भी पक्ष की ओर से सार्वजनिक रूप से विस्तृत बयान सामने नहीं आया है।




## राजनीतिक गलियारों में चर्चा तेज

चूंकि मामला एक पूर्व विधायक से जुड़ा बताया जा रहा है, इसलिए राजनीतिक हलकों में इसे लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हैं। विपक्षी दल जहां इसे गंभीर मुद्दा बता रहे हैं, वहीं संबंधित पक्ष की ओर से अब तक औपचारिक प्रतिक्रिया नहीं दी गई है। यह भी चर्चा है कि मामला व्यक्तिगत संबंधों के विवाद से जुड़ा हो सकता है, हालांकि इस संबंध में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं है। पुलिस ने फिलहाल मामले को संवेदनशील मानते हुए विवेचना जारी रखने की बात कही है।

## पुलिस की सतर्कता

पुलिस सूत्रों का कहना है कि प्रकरण की जांच तथ्यों और डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर की जा रही है। चूंकि मामला सामाजिक व राजनीतिक दृष्टि से संवेदनशील है, इसलिए किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले सभी पहलुओं की पड़ताल की जाएगी। मामला सत्ता पक्ष से जुड़ा होने के कारण पुलिस अतिरिक्त सावधानी बरत रही है।

## जांच पर नजर

फिलहाल पूरा मामला जांच के दायरे में है। आने वाले दिनों में पुलिस की कारर्वाई और दोनों पक्षों की आधिकारिक प्रतिक्रिया के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। खैरागढ़ की राजनीति में इस घटनाक्रम ने जरूर हलचल पैदा कर दी है, लेकिन अंतिम सच्चाई अब जांच रिपोर्ट के बाद ही सामने आएगी।

गौरतलब है कि मामला पुलिस के पास पहुंचने के बाद राजनीतिक विरोधियों को भी जुबानी हमला करने का मौका मिल गया है। दबी जुबान कई तरह की चर्चा पूरे खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र में है। इस मामले में जिम्मेदारी अधिकारी और दल के पदाधिकारी कुछ भी बोलने से बच रहे हैं।

**जन्म दिन पर विशेष**

# देवेंद्र यादव के प्रति दीवानगी की वजह आखिर क्या... है?




*नई दृष्टिबिंदु / रायपुर*

*पहली चुनावी पारी में महापौर, लगातार दो बार से विधायक-किसी भी नेता को यह दर्जा हासिल हो जाए तो थोड़ी-बहुत फैन फॉलोइंग बन ही जाती है ऐसे बहुत से उदाहरण है जहां नेताओं ने कम उम्र में यह उपलब्धियां हासिल की हुई हैं तब फिर देवेंद्र में ऐसा क्या खास है कि निर्वाचन क्षेत्र से बाहर भी राज्य के चप्पे चप्पे में युवा उसके दीवाने हो चले हैं? इस सवाल का आसान-सा जवाब है कि 34 साल का देवेंद्र यादव अगले चालीस वर्षों तक छत्तीसगढ़ और देश की राजनीति के आकाश में ध्रुव तारा बनकर चमकने वाला है। यही वह वजह है कि राज्य का हर युवा चाहता है कि वह देवेंद्र के साथ इस पूरे लंबे सफर का सारथी बने। आखिर देवेंद्र ही क्यों? इस बात का भी जवाब है कि देवेंद्र यादव ने कम समय में यह साबित कर दिखाया है कि वह अपने समथर्को के लिए किसी भी हद तक जा सकता है।*

*सवाल यह नहीं है कि नेता किसे चुनें, बल्कि सबसे बड़ा सवाल यह है कि भरोसा किस पर करें? सवाल यह भी आता है कि क्या देवेंद्र सत्ता मिलते ही कुर्सी पर बैठकर संघर्ष के साथियों को भूल जाएगा या सत्ता की कुर्सी का मोह छोड़ तब भी अपने समथर्को के साथ खड़ा मिलेगा। जवाब वही है कि देवेंद्र ने कम समय में यह कर दिखाया है कि वह हर स्थिति में एकरूप रहेगा। कोई भी पद, कोई भी उपलब्धि उसके व्यवहार उसके सिद्धांत को बदल नहीं सकती।*

*मन में सवाल सौ प्रकार के आते हैं, जवाब एक ही होता है — कि इस राज्य के हजारों हजार युवाओं को देवेंद्र पर खुद से ज्यादा यकीन है, न केवल हजारों युवाओं को बल्कि उनके परिवारजनों को भी, कि देवेंद्र अपने पूरे राजनीतिक करियर में ईमानदारी से साथ जुड़े प्रत्येक युवाओं की उम्मीदों पर खरा उतरेगा। आज देवेंद्र का जन्मदिन है, इस उभरते नायक को उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य की शुभकामनाओं सहित जन्मदिन की ढेर सारी बधाईयां।*



**आसिफ मेमन- पूर्व युवक कांग्रेस,**
**अध्यक्ष रायपुर छत्तीसगढ़**

**भिलाई निगम की नीलामी पर बवाल, बाल संरक्षण आयोग से हस्तक्षेप की मांग**

# 200 करोड़ में बिकेगा बच्चों का खेल मैदान?

*नई दृष्टिबिंदु / भिलाई*



भिलाई नगर पालिक निगम द्वारा वार्ड क्रमांक 06, संजय नगर स्थित लगभग 14,950 वर्ग मीटर के खेल मैदान की प्रस्तावित नीलामी को लेकर शहर में राजनीतिक और सामाजिक बवाल खड़ा हो गया है। करीब 200 करोड़ रुपये मूल्य आंकी जा रही इस जमीन का बेस प्राइस 1 करोड़ 97 लाख 34 हजार रुपये निर्धारित कर निविदा आमंत्रित किए जाने की सूचना के बाद विरोध के स्वर तेज हो गए हैं।

नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा 'भोजु' ने इस मामले में छत्तीसगढ़ बाल संरक्षण आयोग को औपचारिक शिकायत भेजकर नीलामी प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। उनका कहना है कि यह मैदान क्षेत्र के सैकड़ों बच्चों के लिए एकमात्र प्रमुख खेल एवं शारीरिक विकास का स्थान है। यदि इसे बेच दिया गया, तो बच्चों के खेल, स्वास्थ्य और सामाजिक विकास का अधिकार प्रभावित होगा।

## 'बच्चों के अधिकारों पर सीधा हमला'

शिकायत में कहा गया है कि खेल मैदान बच्चों के समुचित शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। मैदान में नियमित खेल गतिविधियों के साथ-साथ सामाजिक कार्यक्रम, मीना बाजार और विभिन्न सार्वजनिक आयोजन भी होते हैं। ऐसे में इसे नीलाम करना बाल अधिकारों की भावना के विपरीत कदम होगा।



## सभी पार्षद एकजुट होंगे, बनेगी संघर्ष समिति

मामले को लेकर निगम के पार्षद दलों में भी हलचल है। जानकारी के अनुसार, सभी दलों के पार्षद मिलकर 'संपत्ति बचाओ संघर्ष समिति' के गठन की तैयारी में हैं। समिति एकजुट होकर कलेक्टर से भी हस्तक्षेप की मांग करेगी।

विरोधियों का सवाल है कि जब नगर निगम की धरोहर मानी जाने वाली यह प्राइम लोकेशन की जमीन भविष्य के लिए संपत्ति है, तो फिर किसकी अनुमति से इसे बेचने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई गई?



## 'कॉम्प्लेक्स बना तो खत्म हो जाएगा मैदान'

स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ताओं का कहना है कि यदि इस जमीन पर व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स या अन्य निर्माण हो गया, तो शहर का यह एकमात्र बड़ा खेल परिसर हमेशा के लिए खत्म हो जाएगा। इससे बच्चों और आम नागरिकों को भारी नुकसान होगा। पूर्व में भी इस जमीन को बचाने को लेकर शिकायतें की जा चुकी हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कारर्वाई नहीं हुई।

## अब नजर बाल संरक्षण आयोग और प्रशासन पर

मामला अब छत्तीसगढ़ बाल संरक्षण आयोग के पाले में है। यदि आयोग संज्ञान लेता है, तो नीलामी प्रक्रिया पर रोक लग सकती है। वहीं पार्षदों की संभावित एकजुटता इस मुद्दे को और बड़ा राजनीतिक स्वरूप दे सकती है। शहर में फिलहाल एक ही सवाल गूंज रहा है—क्या बच्चों का खेल मैदान बिकेगा, या जनता के दबाव में फैसला बदलेगा?

# भाजपा नेता संतोष अग्रवाल ने विधायक प्रतिनिधि का पदभार ग्रहण किया



*नई दृष्टिबिंदु / राजनांदगांव*

भारतीय जनता पार्टी के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ नेता संतोष अग्रवाल ने आज स्पीकर हाउस में डॉ. रमन सिंह के विधायक प्रतिनिधि के रूप में पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर सभी नेताओं ने उन्हें शुभकामनाएं दी और मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया। संतोष अग्रवाल ने पारंपरिक एवं धार्मिक रीति रिवाज से अपने कक्ष का पूजा अचर्ना करके विधिवत शुभारंभ किया।

मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार संतोष अग्रवाल भाजपा के कद्दावर नेता है और लंबे समय से राजनीतिक रूप से सक्रिय भूमिका के साथ संगठनात्मक कायी मे महत्वपूर्व भूमिका का निर्वहन करते रहे है।

श्री अग्रवाल पूर्व मे भी तत्कालीन मुख्यमंत्री डा रमन सिंह के चुनाव प्रभारी एवं कैम्प कार्यालय के प्रभारी रह चुके है इसलिए उनके दीघर्कालिन अनुभव का लाभ लेने के लिए डा० रमन सिंह ने उन्हे सभी विभागों के लिए अपना प्रभारी बनाया है। अब संतोष अग्रवाल कैंप कार्यालय (स्पीकर हाऊस से लगा हुआ) में लोगों की समस्याओं के निराकरण के लिए प्रतिदिन उपलब्ध रहेगे।

स्पीकर हाऊस मे भारतीय जनता पार्टी के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ नेता संतोष अग्रवाल को बधाई देने वालो मे .वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचंद पारख, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, महापौर मधुसूदन यादव, बैंक के अध्यक्ष सचिन बघेल, रमेश पटेल, राजेन्द्र गोलछा, सौरभ कोठारी, राजेश श्यामकर, हरीश शर्मा, सावन वर्मा, शिव वर्मा, रघुवीर वादवा, हकीम खान, दीपक चौहान, अरुण शुक्ला, दिनेश गुप्ता, संजय लडवन, उतम साहू साहित बडी संख्या मे भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

गौरतलब है कि जिला भाजपा अध्यक्ष रहते हुए संतोष अग्रवाल ने पार्टी को जिले में मजबूत आधार प्रदान किया था। राजनांदगांव विधानसभा में डॉ. रमन सिंह की जीत के प्रमुख रणीतिकारों में से एक माने जाते हैं। विधायक प्रतिनिधि बनने से कार्यकर्ताओं में हर्ष है।

**अपराध** | एसएसपी रजनेश सिंह बोले—जल्द पकड़े जाएंगे अपराधी

# राजकिशोर नगर लूट कांड: पुलिस ने 200 सीसीटीवी खंगाले, चोरी के वाहनों से रची गई लूट की साजिश

*नई दृष्टिबिंदु / बिलासपुर*

सरकंडा के राजकिशोर नगर में मंगलवार की रात हुए लूट के मामले में पुलिस की जंबो टीम जांच में जुटी है। पुलिस ने करीब 200 सीसीटीवी कैमरों का फुटेज लिया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदेहियों की पहचान में जुटी है। राजकिशोर नगर के टेलीफोन एक्सचेंज रोड पर रहने वाले ज्वेलरी व्यापारी संतोष तिवारी को मंगलवार की रात रोककर मारपीट और लूट के बाद बदमाश भाग निकले। इसकी सूचना मिलते ही आईजी रामगोपाल गर्ग समेत अधिकारियों की टीम मौके पर पहुंच गई। घायल से मिली प्राथमिक जानकारी के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

## सीसीटीवी से संदेहियों की पहचान

पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों का फुटेज ले लिया है। इसके अलावा शहर के अलग-अलग जगहों पर लगे करीब 200 कैमरों का फुटेज लिया गया है। इसके आधार पर लुटेरों की तलाश की जा रही है। शहर से बाहर सरकंडा क्षेत्र के उरतुम गांव के बाहर बदमाशों ने लूटी गई कार छोड़ दी। इसके बाद बदमाश भाग निकले। पुलिस की टीम आसपास के गांव में लगे सीसीटीवी कैमरों के भी फुटेज खंगाल रही है।





## कार के पास मिले जेवर और डिब्बे

लूट के बाद पुलिस की टीम बदमाशों की तलाश में जुट गई। जिले की सीमा को सील कर दिया गया। जिले से बाहर जाने वाली हर सड़क पर जवान तैनात थे। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि व्यवसायी की कार उरतुम गांव के पास लावारिस हालत में खड़ी है। इसकी जानकारी मिलते ही सरकंडा पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई। अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने आसपास जांच शुरू कर दी। कार के पास ही जेवरों के कुछ डिब्बे और थोड़ी मात्रा में सोने के जेवर मिले। इसे जब्त कर लिया गया है।

## जवानों ने चलाया तलाशी अभियान

शहर से बाहर कार मिलने की सूचना पर पुलिस अधिकारियों की टीम मौके पर पहुंची। साथ ही डाग स्क्वायड को मौके पर बुलाया गया। पुलिस डाग कार से निकलकर सीधे खेत की ओर भागने लगा। इसके बाद थाने से बल बुलाया गया। सरकंडा थाने के जवानों ने आसपास तलाशी अभियान चलाया।

## मैनपाट और जांजगीर में वाहनों की चोरी, उसी से दिया घटना को अंजाम

लूट की घटना को अंजाम देने के बाद बदमाश अपनी कार और बाइक मौके पर छोड़कर भाग निकले। पुलिस ने जब वाहनों के रजिस्ट्रेशन नंबर की जांच की तो पता चला कि बदमाशों ने कार को जांजगीर से चोरी किया है। वहीं, बाइक मैनपाट से चोरी की गई है। इसके आधार पर पुलिस अब अपनी जांच को आगे बढ़ा रही है।

**जल्द पकड़े जाएंगे लुटेरे**

राजकिशोर नगर में हुए लूट के मामले में एसएसपी रजनेश सिंह ने बड़ा बयान दिया है। एसएसपी रजनेश सिंह ने चर्चा करते हुए कहा कि वे पूरे मामले की पल-पल जानकारी ले रहे हैं। पुलिस की टीम हर एंगल से मामले की जांच कर रही है। कई सीसीटीवी कैमरों का फुटेज लेकर संदेहियों की पहचान करने कोशिश की जा रही है। लूट के मामले में शामिल अपराधियों को जल्द ही पकड़ लिया जाएगा।

# युगांतर स्कूल में सीबीएसई केपेसिटी बिल्डिंग ट्रेनिंग कार्यक्रम में नेशनल केरूकलम फ्रेम वर्क पर की चर्चा



*नई दृष्टिबिंदु / राजनांदगांव*

युगांतर पब्लिक शिक्षक-शिक्षिकाओ के लिए सीबीएसई केपेसिटी बिल्डिंग ट्रेनिंग प्रोग्राम आयोजित हुआ। इस प्रोग्राम में रिसोर्स पर्सन के रूप में अरूणा पाण्डे तथा अचर्ना पटनायक को आमंत्रित किया गया था। रिसोर्स पर्सन अरूणा पाण्डे ने सीबीएसई के एक दिवसीय प्रोग्राम को संचालित करते हुए बताया कि नेशनल केरूकलम फ्रेम वर्क ऑफ स्कूल एजुकेशन तथा सब्जेक्ट केरूकलम में अन्तर है।

फ्रेम वर्क के जरिए केरूकलम के उद्देश्य निर्धारित किए जाते है, जबकि सब्जेक्ट केरूकलम में उसे व्यावहारिक धरातल पर लागू करने का प्रयास किया जाता है। उन्होंने विस्तार से नेशनल केरूकलम फ्रेम वर्क की चर्चा की । उन्होंने आगे बताया कि हमें बच्चों को रटने की प्रवृत्ति को खत्म करने के बजाए उनकी आलोचनात्मक सोच तथा उनके समग्र विकास को बढ़ावा देना चाहिए। शिक्षा की नई संरचना में शिक्षा को चार चरणों में बाँटा गया है, जिसमें फाउंडेशन वर्ग 3 से 8 वर्ष, प्रियेटरी वर्ग 8 से 11 वर्ष, मिडिल वर्ग 11 से 14 वर्ष और सेकंडरी वर्ग 14 से 18 वर्ष के बच्चों के लिए निर्धारित किया गया है। नई शिक्षा प्रणाली में मातृभाषा में शिक्षा की व्यवस्था फाउंडेशन वर्ग 3 से 8 वर्ष के बच्चों के लिए निर्धारित की गई है। इसी तरह रिसोर्स पर्सन अचर्ना पटनायक ने सर्वप्रथम शिक्षक-शिक्षिकाओं का परिचय प्राप्त किया। इसके बाद उन्होंने नेशनल केरूकलम फ्रेम वर्क को विद्यार्थी केन्द्रित बताया।

उन्होंने कहा कि सीबीएसई का यह ट्रेनिंग प्रोग्राम क्वालिटी एजुकेशन को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किया गया है। उन्होंने रोचकता प्रदान करने के लिए बीच-बीच में आकर्षक गतिविधियाँ भी करवाई। विद्यालय के प्राचार्य मधुसूदन नायर ने कहा कि युगांतर के द्वारा समय-समय पर इस तरह के रचनात्मक प्रोग्राम आयोजित किए जाते रहेंगे, जिससे शिक्षक-शिक्षिकाएं लाभान्वित हो सके और विद्यार्थियों को भी इसका लाभ मिल सके।

उन्होंने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा प्रणाली प्रोग्राम को व्यावहारिक धरातल लागू करना है, जिससे लर्निंग अबजेक्टिव के जरिए लर्निंग आउटकम को सरलता से प्राप्त किया जा सके। शिक्षक शिक्षिकाओं ने मुक्त कंठ से इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को अनुशासित करने के लिए उनको अच्छे विशेषण से संबोधित करना जरूरी होता है। इससे कक्षा में सकारात्मक वातावरण तैयार होता है। युगांतर परिवार ने इस आयोजन की सफलता पर हर्ष प्रकट किया है।

## संपादकीय

# शराबबंदी का वादा तो भूपेश बघेल ने किया था

**राजनीति में सच और झूठ अपनी सुविधा के अनुसार कहा जाता है ।राजनीतिक दलों को झूठ कहने में राजनीतिक फायदा होता हो तो वह राजनीतिक झूठ कहने में कोई संकोच नहीं करते हैं ।सच कहने से राजनीतिक नुकसान होता है तो वह सच नहीं कहते हैं ।छत्तीसगढ़ में सत्ता में भाजपा है और विपक्ष में कांग्रेस है तो वह भाजपा को याद दिलाती है कि वह तो शराबबंदी की बात किया करती थी आज सत्ता में है तो वह शराबबंदी करती क्यों नही है ।शराब से कमाई क्यों कर रही हैं, नई शराब दुकाने क्यों खोलने की बात कर रही है ।प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला का कहना है कि शराबबंदी की बात करने वाली भाजपा आज शराब खपत बढ़ाने में लगी है । इसके लिए शराब नीति बदलती है, इसके लिए अंग्रेजी शराब दुकान में देशी व देशी शराब दुकानों में अंग्रेजी शराब बेचने का निर्णय किया जा रहा है । पिछले साल 67 शराब दुकान खोली गई थी, इस साल फिर 35 दुकान खोली जाने वाली हैं ।**

ऐसा होता रहता है जो विपक्ष में होता है वह सत्तारूढ़ दल को याद दिलाता रहता है कि कभी उसने क्या वादा किया था । सरकार वह वादा पूरा नहीं करती है तो उसे बार बार याद दिलाया जाता है कि आपने चुनाव में महिलाओं से वादा किया था कि कांग्रेस की सरकार आएगी तो राज्य में पूर्ण शराबबंदी की जाएगी ।सरकार बनने के बाद वह अपने वादे से मुकर गए और कहने लगे कि साल 2018 में महिलाओं का दवाब था कि प्रदेश में शराबबंदी हो ।हम उनकी सभा में थे हमने भी घोषणा कर दी । इसके अलावा भेंट मुलाकात कार्यक्रम में भी शराबबंदी की मांग होती रही ।यह बातें सीएम भूपेश बघेल ने राजधानी के रायपुर के प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विवि शांति सरोवर में नशामुक्ति अभियान की शुरुआत करते कही थी । उन्होंने यह भी कहा था कि सीएम होने के नाते वह आज ही शराब दुकान बंद करा सकते हैं लेकिन क्या यह समस्या का समाधान है ।यानी वह भूपेश बघेल जो महिलाओं का वोट लेने के लिए शराबबंदी का वादा करते हैं, सरकार बनने के बाद लगता है कि यह तो समस्या का समाधान नहीं है ।

इसके बाद सीएम भूपेश बघेल ने अपने आपको नशे के खिलाफ बताते हुए लोगों का ध्यान शराबबंदी से हटाने के लिए यह कहना शुरू किया कि शराब से ज्यादा खतरनाक तो सूखा नशा है ।शराब तो नशे का ही हिस्सा है ।अगर सभी नशे के खिलाफ अभियान शुरू किया जाएगा तो माहौल बनेगा ।इससे शराबबंदी भी हो सकती है और नशामुक्ति भी हो सकती है ।नशामुक्ति में तो शराब,गांजा,सिगरेट,तंबाकू सब आते हैं ।इसलिए सीएम बघेल ने राज्य शराबबंदी के वादे से लोगों का ध्यान हटाने के लिए नशामुक्ति का अभियान चलाने को कहा था । एक तरफ उनके राज में नशामुक्ति अभियान चलाने की बातें होती रही और दूसरी तरफ हजारों करोड़ का शराब घोटाला होता रहा यानी एक तरफ लोगों को नशामुक्ति की बातें की जा रही थी और दूसरी तरफ हजारों करोड़ रुपए की अवैध शराब बिक्री भी की जाती रही और उसी कांग्रेस पार्टी के लोग आज कह रहे हैं कि भाजपा शराब की खपत बढ़ा रही है । शराब से ज्यादा से ज्यादा कमाई कर रही है ।

जहां तक शराब से कमाई की बात है तो ऐसी कोई सरकार आज तक किसी राजनीतिक दल की नहीं हुई है जिसने राज्य की शराब से होने वाली कमाई कम करने की कोशिश की है । कांग्रेस 2018 से 2023 तक सत्ता में रही ।क्या उसने शराब से होने वाली कमाई कम करने का कोई प्रयास किया । उसने ऐसा कोई प्रयास नहीं किया बल्कि उसने वादा तो शराबबंदी का किया लेकिन शराब से कमाई तो उसने भी बढाऩे की पूरी कोशिश की । आंकड़े इस बात का सबूत हैं कि कांग्रेस के समय भी शराब से होने वाली आय बढ़ी थी । 20-21 में शराब से राजस्व 4639 करोड़ तो 22-23 में बढ़कर 6783 करोड़ रुपए हो गया था । माना जा सकता है कि हर सरकार की कोशिश रहती है कि शराब से कमाई हर साल एक दो हजार करोड़ बढे ताकि सरकार को जो खर्च बढ़ता है,उसकी भरपाई की जा सके । जो सब सरकारें करती है, वही साय सरकार भी कर रही है । वह भी अपने खर्च के लिए शराब से कमाई कर रही है । इसलिए इसे तो गलत नहीं कहा जा सकता ।

गलत को तब होता जब कोई राजनीतिक दल एक तरफ चुनाव घोषणापत्र में वादा करता है उनकी सरकार बनेगी तो वह शराबबंदी करेंगे और सरकार बनने के बाद वह शराबबंदी की जगह शराब से ज्यादा कमाई भी करता है और शराब घोटाला भी होने देता है । यानी वैध रूप से तो वह शराब की खपत बढ़ाता ही है, अवैध रूप से भी शराब की खपत को बढ़ाता है ताकि उसे वैध के साथ अवैध कमाई भी होती रहे । वैध कमाई से सरकार का खर्च चलता रहे और अवैध कमाई से पार्टी का काम चलता रहे । साय सरकार के समय शराब से वैध कमाई हो रही है तो यह कोई अपराध नहीं है,बुरी बात नहीं है क्योंकि सभी सरकारे शराब से वैध कमाई करती है और उसका उपयोग जनता के भले के लिए किया जाता है । साय सरकार ने कभी शराबबंदी का वादा नहीं किया यह जनता जानती है इसलिए कोई कितना भी कहे कि शराबबंदी की बात करनेवाली भाजपा शराबबंदी नहीं कर रही है तो कोई विश्वास नहीं करने वाला है ।

# अब सोलर नल-जल योजना से कुमा ग्राम पंचायत में पहुंच रहा हर घर स्वच्छ पेयजल





नई दृष्टिबिंदु / रायपुर

**रायगढ़ के धरमजयगढ़ विकासखंड का कुमा ग्राम पंचायत आज ग्रामीण परिवर्तन की एक सशक्त मिसाल बनकर उभरा है । जिला मुख्यालय से लगभग 100 किलोमीटर दूर बसे इस गांव में कभी पानी की समस्या जीवन का सबसे बड़ा संघर्ष थी । वही गांव जल जीवन मिशन के तहत स्थापित सोलर नल-जल योजना से आत्मनिर्भरता, स्वच्छता और समृद्धि की नई कहानी लिख रहा है ।**

कुछ वर्ष पहले तक ग्राम कुमा में जल संकट सामान्य बात थी । महिलाएं सुबह से लेकर दोपहर तक हैंडपंपों के पास कतार में खड़ी दिखाई देती थीं । गर्मी के दिनों में जलस्तर गिरने से स्थिति और भी गंभीर हो जाती थी । कई बार पानी के लिए दूर-दूर तक जाना पड़ता था । इस दैनिक संघर्ष ने महिलाओं का समय, श्रम और ऊर्जा छीन लिया था । बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती थी और परिवार के स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक असर पड़ता था । गांव के जीवन की रफ्तार पानी की उपलब्धता पर निर्भर थी और यही सबसे बड़ी चुनौती बनी हुई थी ।

गांव में जल जीवन मिशन के अंतर्गत सौर ऊर्जा आधारित नल-जल प्रदाय प्रणाली स्थापित किए जाने के बाद परिवर्तन की कहानी शुरू हुई । गांव में लगाए गए सोलर पैनलों से संचालित पंप के माध्यम से जल को ऊंची टंकी तक पहुंचाया जाता है और वहां से पाइपलाइन द्वारा प्रत्येक घर तक नियमित जल आपूर्ति की जाती है । यह व्यवस्था बिजली पर निर्भर नहीं है, इसलिए बिजली की आपूर्ति बाधित होने पर भी कोई प्रभाव नहीं पड़ता । पर्यावरण के अनुकूल यह प्रणाली न्यूनतम रखरखाव में दीर्घकालिक समाधान प्रदान कर रही है ।

कुमा में अब हर घर स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल पहुंच रहा है, जिससे गांव की जीवन शैली में स्थायी परिवर्तन आया है । गांव की श्रीमती देवमती बताती हैं कि पहले रोज दो से तीन घंटे बाहर से पानी लाने में निकल जाते थे । उस समय वे न तो बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान दे पाती थीं और न ही किसी और काम के लिए समय निकाल पाती थीं । अब घर पर ही नल से नियमित जल आपूर्ति होने से उनका जीवन पूरी तरह बदल गया है । वे अपने बच्चों की पढ़ाई-लिखाई पर अधिक समय दे रही हैं, स्वसहायता समूह की गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग ले रही हैं और सामाजिक कार्यक्रमों में भी सहभागिता बढ़ी है । स्वच्छ पेयजल मिलने से परिवार का स्वास्थ्य बेहतर हुआ है और जलजनित बीमारियों में कमी आई है । देवमती गर्व से कहती हैं, अब हमें पानी के लिए संघर्ष नहीं करना पड़ता । घर पर ही स्वच्छ पानी मिलने से हमारा जीवन सरल और सुरक्षित हो गया है ।

बाहर से पानी लाने की बाध्यता समाप्त होने से महिलाओं को समय की स्वतंत्रता मिली है । वे इस समय को अब आयवर्धक गतिविधियों और सामाजिक भागीदारी में लगा रही हैं । इससे महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ा है और वे निर्णय प्रक्रिया में भी अधिक सक्रिय भूमिका निभा रही हैं । यह परिवर्तन केवल सुविधा तक सीमित नहीं है, बल्कि सामाजिक सम्मान और आर्थिक सुदृढ़ता की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ है । विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों में स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता से बच्चों की उपस्थिति और स्वास्थ्य में सुधार देखा गया है, स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ी है और घरों में शौचालय के उपयोग को भी प्रोत्साहन मिला है ।

कुमा में ग्राम स्तर पर जल प्रबंधन समिति का गठन किया गया है, जो जल आपूर्ति प्रणाली के रखरखाव और निगरानी की जिम्मेदारी संभाल रही है । इससे ग्रामीणों में जिम्मेदारी और सामुदायिक सहभागिता की भावना विकसित हुई है । आज कुमा केवल एक गांव नहीं, बल्कि प्रेरणा का प्रतीक है । यहां बहता स्वच्छ जल केवल प्यास नहीं बुझा रहा, बल्कि विकास, आत्मसम्मान और उज्ज्वल भविष्य की नई धारा प्रवाहित कर रहा है ।

# कुरूद कृषि महाविद्यालय में मोरिंगा आधारित परियोजना स्वीकृत, किसानों की आय व पोषण सुरक्षा को मिलेगा बल


नई दृष्टिबिंदु / धमतरी

**जिले के किसानों की आय वृद्धि एवं पोषण सुरक्षा को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, रायपुर द्वारा 'मोरिंगा (सहजन) की खेती, प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धन के माध्यम से किसानों की आय में वृद्धि' विषयक परियोजना को स्वीकृति प्रदान की गई है । यह परियोजना कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, कुरूद में संचालित होगी, जो इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय से संबद्ध है ।**

परियोजना का नेतृत्व सहायक प्राध्यापक डॉ. पीयूष प्रधान (प्रधान अन्वेषक) द्वारा किया जाएगा । एक वर्ष की अवधि वाली इस परियोजना का क्रियान्वयन प्रौद्योगिकी ग्राम केंद्र सिर्री (जिला धमतरी) एवं प्रौद्योगिकी ग्राम केंद्र रामपुर (जिला कबीरधाम) में किया जाएगा । प्रत्येक केंद्र पर लगभग 50 किसानों को प्रशिक्षण देकर प्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित किया जाएगा ।

### आय वृद्धि और पोषण सुरक्षा पर विशेष फोकस

परियोजना के अंतर्गत किसानों को मोरिंगा की उन्नत उत्पादन तकनीक, नसर्री प्रबंधन, वैज्ञानिक कटाई एवं भंडारण पद्धतियों तथा



### धमतरी में सहजन क्रांति की शुरुआत, 100 किसानों को मिलेगा उन्नत प्रशिक्षण

मूल्य संवर्धित उत्पादों के निर्माण संबंधी व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा । मोरिंगा से तैयार पाउडर, न्यूट्रीशन सप्लीमेंट, चाय, खाद्य पूरक एवं अन्य प्रसंस्कृत उत्पादों की जानकारी देकर किसानों को अतिरिक्त आय के स्रोत उपलब्ध कराने की योजना है ।

मोरिंगा को 'चमत्कारी पौधा' कहा जाता है, क्योंकि इसमें प्रचुर मात्रा में प्रोटीन, आयरन, कैल्शियम एवं विटामिन पाए जाते हैं । कम लागत और न्यून जोखिम वाली यह फसल जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों के बीच किसानों के लिए टिकाऊ विकल्प सिद्ध हो सकती है । यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों में कुपोषण उन्मूलन, महिला स्व-सहायता समूहों की भागीदारी तथा युवाओं के लिए सूक्ष्म उद्यमिता के अवसरों को भी बढ़ावा देगी ।

परियोजना का संचालन महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. नवनीत राणा के मार्गदर्शन में किया जाएगा । परिषद द्वारा इस हेतु लगभग 4.95 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है, जिसमें प्रशिक्षण, संसाधन व्यक्तियों का मानदेय एवं अन्य व्यवस्थाएं शामिल हैं ।

यह परियोजना पारंपरिक फसलों के साथ वैकल्पिक उच्च आय वाली फसल को बढ़ावा देकर जिले की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा प्रदान करेगी तथा पोषण वाटिका और स्थानीय स्तर पर पोषण आहार उपलब्धता को सुदृढ़ करेगी ।

### कृषि नवाचार को राष्ट्रीय पहचान

इसी क्रम में कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, कुरूद के प्रोफेसर डॉ. ए. कुरैशी को उनके अभिनव कृषि उपकरण के लिए भारत सरकार द्वारा डिजाइन पेटेंट प्रदान किया गया है ।

डॉ. कुरैशी एवं उनकी टीम द्वारा विकसित 'ट्री ट्रिमिंग शीयर विद लॉक' नामक उपकरण का डिजाइन पंजीकृत किया गया है, जो वृक्षों की छंटाई को अधिक सुरक्षित, सुगम एवं प्रभावी बनाता है । यह उपकरण विशेष रूप से फलोद्यान एवं बागवानी किसानों के लिए उपयोगी सिद्ध होगा तथा श्रम लागत में कमी लाने के साथ कार्य दक्षता बढ़ाने में सहायक होगा ।

अधिष्ठाता डॉ. नवनीत राणा ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि संस्थान के वैज्ञानिकों द्वारा विकसित नवाचार कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीक के विस्तार को प्रोत्साहित करते हैं । उन्होंने आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी संस्थान किसानों की आवश्यकताओं के अनुरूप उपयोगी अनुसंधान कर क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर पहचान स्थापित करता रहेगा ।

डॉ. कुरैशी की यह उपलब्धि न केवल संस्थान बल्कि पूरे जिले के लिए गौरव का विषय है । इससे कृषि अनुसंधान एवं नवाचार को नई गति मिलेगी तथा किसानों को उन्नत, सुरक्षित और किफायती उपकरण उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति होगी ।

# धमतरी मॉडल बना मिसाल : BaLA कॉन्सेप्ट अब पूरे प्रदेश में लागू



नई दृष्टिबिंदु / धमतरी

***बाल शिक्षा और सर्वांगीण विकास की दिशा में धमतरी जिले की अभिनव पहल अब पूरे प्रदेश के लिए मार्गदर्शक बन गई है । जिले में सफलतापूर्वक लागू किए गए "BaLA (Building as Lerning Aid)" कॉन्सेप्ट को अब संपूर्ण छत्तीसगढ़ में लागू किया जाएगा । छत्तीसगढ़ शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा इस संबंध में निर्देश जारी करते हुए महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत ग्राम पंचायतों मं निर्मित एवं निर्माणाधीन सभी आंगनबाड़ी भवनों में इंछअ कॉन्सेप्ट को अनिवार्य रूप से लागू करने के निर्देश दिए गए हैं ।***

निर्देशानुसार, महिला एवं बाल विकास विभाग के समन्वय से आंगनबाड़ी भवनों को इस प्रकार विकसित किया जाएगा कि भवन स्वयं बच्चों के लिए शिक्षण-सहायक सामग्री का कार्य करे । इंछअ कॉन्सेप्ट के अंतर्गत दीवारों पर वणर्माला, अंक, आकृतियां, स्थानीय चित्रकथाएं, फर्श पर खेल-आधारित शिक्षण सामग्री, खिड़की-दरवाजों के माध्यम से आकार और माप की समझ जैसे नवाचारी तत्वों को शामिल किया जाएगा । इससे बच्चों में सीखने की जिज्ञासा, रचनात्मकता और बौद्धिक क्षमता का स्वाभाविक विकास होगा ।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने स्पष्ट किया है कि सभी ग्राम पंचायतें स्वीकृत तकनीकी डिजाइन एवं निर्धारित वित्तीय प्रावधानों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित करें । महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों के समन्वय से इस पहल को प्रभावी रूप से लागू करने पर विशेष बल दिया गया है । साथ ही, प्रदेश में प्रचलित सभी आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्यों को प्राथमिकता के साथ 15 मार्च 2026 तक पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं ।

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि धमतरी जिले में इंछअ कॉन्सेप्ट के सकारात्मक परिणाम स्पष्ट रूप से देखने को मिले हैं । आंगनबाड़ी केंद्र अब केवल भवन नहीं, बल्कि बच्चों के लिए जीवंत शिक्षण प्रयोगशाला के रूप में विकसित हुए हैं । बच्चों की उपस्थिति में वृद्धि, सीखने की गति में सुधार तथा अभिभावकों की संतुष्टि इस पहल की सफलता को दर्शाती है ।

उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता, सुरक्षा मानकों और समय-सीमा का विशेष ध्यान रखा जाए । साथ ही स्थानीय कलाकारों एवं समुदाय की सहभागिता से आंगनबाड़ी केंद्रों को आकर्षक, सुरक्षित एवं बाल-अनुकूल बनाया जाए । यह पहल न केवल प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा को सुदृढ़ करेगी, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में शैक्षणिक अधोसंरचना के सृजनात्मक उपयोग का एक उत्कृष्ट उदाहरण भी प्रस्तुत करेगी । धमतरी का यह नवाचार अब पूरे प्रदेश में बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव को और मजबूत करेगा ।



# मुद्रा लोन से साकार हुआ सपना, बुढाडांड की प्रीति गुप्ता बनीं लखपति दीदी

नई दृष्टिबिंदु / रायपुर

***अपने दुकान में सौंदर्य प्रसाधन से लेकर घरेलू सामान का विक्रय करती प्रीति गुप्ता महिला सशक्तिकरण की मिसाल बन चुकी हैं । उनके चेहरे पर एक अलग ही आत्मविश्वास झलकता है । वह उत्साह से बताती है कि मुद्रा लोन की मदद से वह अपना व्यापार खड़ा कर पाई है । लक्ष्मी स्व-सहायता समूह से जुड़ी प्रीति ने बताया कि उन्हें 01 लाख रुपए मुद्रा लोन के रूप में मिला था । आज वह अपने व्यापार से सालाना लगभग 2 .50 लाख रुपए तक कमाई कर पाती है ।***

जशपुर जिला के विकासखंड बगीचा के ग्राम बुढाडांड की रहने वाली प्रीति गुप्ता ने मुद्रा लोन लेकर दुर्गा श्रृंगार एवं किराना दुकान की शुरुआत की । प्रारंभ में छोटे स्तर पर दुकान संचालित करने वाली प्रीति ने धीरे-धीरे ग्राहकों की जरूरतों को समझते हुए दुकान का विस्तार किया । आज उनकी दुकान गांव की प्रमुख दुकानों में गिनी जाती है । सौंदर्य प्रसाधन से लेकर हर जरूरत का सामान उनकी दुकान में उपलब्ध है । मुद्रा लोन से मिली आर्थिक सहायता एवं मेहनत और लगन का ही परिणाम




है कि आज वे प्रतिवर्ष लगभग 2.50 लाख का शुद्ध लाभ कमा रही हैं । उन्होंने अपने आत्मविश्वास, परिश्रम और बिहान योजना के सहयोग से लखपति दीदी बनने का सपना साकार किया है ।

प्रीति गुप्ता, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि महिलाओं की सशक्तीकरण के लिए किए जा रहे कार्यों की वजह से आज मेरे जैसी कितनी महिलाएं आत्मनिर्भर हो पाई हैं । उन्होंने कहा कि बिहान ने मुझे अपने पैरों पर खड़े होने का अवसर दिया । प्रीति गुप्ता आज कई महिलाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बन चुकी हैं, जो अपनी मेहनत और संकल्प से आर्थिक स्वतंत्रता की नई मिसाल कायम कर रही हैं ।

### मुद्रा लोन से लखपति दीदी बनने का सपना हुआ साकार

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मंशा के अनुरूप राज्य में महिला सशक्तिकरण की दिशा में शासन-प्रशासन द्वारा प्रभावी प्रयास किये जा रहे हैं । महिलाओं को स्व-सहायता समूहों के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने के लिए शासन की विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है । महिला सशक्तिकरण हेतु संचालित शासकीय योजनाओं का सकारात्मक प्रभाव जशपुर जिले में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है । विकासखंड बगीचा के ग्राम बुढाडांड की निवासी प्रीति गुप्ता ने मुद्रा लोन की सहायता से आत्मनिर्भरता की मिसाल स्थापित की है ।

लक्ष्मी स्व-सहायता समूह से जुड़ी प्रीति को एक लाख रूपए का मुद्रा लोन प्राप्त हुआ, जिससे उन्होंने दुर्गा श्रृंगार एवं किराना दुकान की शुरुआत की । प्रारंभ में छोटे स्तर पर संचालित यह व्यवसाय आज गांव की प्रमुख दुकानों में शामिल हो चुका है । सौंदर्य प्रसाधन एवं दैनिक उपयोग की वस्तुओं की उपलब्धता के कारण उनकी दुकान स्थानीय जरूरतों का प्रमुख केंद्र बन गई है । निरंतर परिश्रम, लगन एवं राष्ट्रीय



ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के सहयोग से प्रीति आज प्रतिवर्ष लगभग 2 .50 लाख रूपए का शुद्ध लाभ अर्जित कर रही हैं और लखपति दीदी के रूप में पहचान बना चुकी हैं । प्रीति ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार की योजनाओं ने उन्हें आत्मनिर्भर बनने का अवसर प्रदान किया ।

# गुरु घासीदास के अनुयायियों का दल पावन गिरौदपुरी धाम के लिए किया रवाना

## 'विशाल सतनाम सद्भाव पदयात्रा' का शुभारंभ

*नई दृष्टिबिंदु / रायपुर*

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राजधानी रायपुर के मोवा स्थित सतनाम भवन परिसर से विशाल सतनाम सद्भाव पदयात्रा का शुभारंभ किया। उन्होंने धार्मिक विधि-विधान के साथ पदयात्रा को हरी झंडी दिखाकर पावन गिरौदपुरी धाम के लिए रवाना किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने पवित्र जैतखाम की पूजा-अचर्ना कर गुरु घासीदास बाबा का पुण्य स्मरण किया तथा प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

मुख्यमंत्री साय ने पदयात्रा में शामिल श्रद्धालुओं और सामाजिक बंधुओं से आत्मीय संवाद करते हुए कहा कि गुरु घासीदास बाबा का 'मनखे-मनखे एक समान' का संदेश संपूर्ण मानव समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह पदयात्रा समाज में सद्भावना, समरसता और भाईचारे को और सुदृढ़ करेगी। श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार समाज के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है तथा सामाजिक हितों को गति देने हेतु विशेष प्राधिकरण का गठन भी किया गया है। पदयात्रा के उपरांत विशाल मेले के आयोजन की जानकारी भी उन्होंने दी।



कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि यह पदयात्रा सामाजिक समरसता, मानव कल्याण और एकता के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है। उन्होंने सभी से सामाजिक भेदभाव और द्वेष से ऊपर उठकर राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। उन्होंने विश्वास जताया कि यह यात्रा गुरु घासीदास बाबा के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाएगी।

कार्यक्रम में धमर्गुरु गुरु बालदास साहेब, विधायक ललित चंद्राकर, विधायक मोतीलाल साहू, फिल्म विकास निगम की अध्यक्ष सुश्री मोना सेन, छत्तीसगढ़ रजककार विकास बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद रजक, जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, संत समाज के प्रतिनिधि एवं सर्व समाज के प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

गौरतलब है कि रायपुर से गिरौदपुरी धाम तक प्रस्तावित 'विशाल सतनाम सद्भाव पदयात्रा' का आयोजन 18 से 22 फरवरी 2026 तक किया जाएगा। पदयात्रा का उद्देश्य सामाजिक समरसता, आपसी भाईचारा और सद्भाव का संदेश जन-जन तक पहुंचाना है। इस दौरान गिरौदपुरी धाम मेले में विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए।

**खास खबर**

## सीएम साय से निरंजन पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर डॉ. स्वामी कैलाशनंद गिरी जी महाराज ने की भेंट



*नई दृष्टिबिंदु / रायपुर*

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से राजधानी रायपुर में निरंजन पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर डॉ. स्वामी कैलाशनंद गिरी महाराज ने सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री श्री साय ने निरंजन पीठाधीश्वर श्रीश्री 1008 आचार्य महामंडलेश्वर डॉ. स्वामी कैलाशनंद गिरि जी महाराज के साथ विभिन्न आध्यात्मिक विषयों पर चर्चा की और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम, खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल, स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव,महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल सहित अन्य प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

## थल सेना में अग्निवीर भर्ती के लिए 1अप्रैल तक आवेदन आमंत्रित

**बलौदाबाजार।** सेना में अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 13 फरवरी से 1 अप्रैल 2026 तक खुली रहेगी। अग्निवीर की भर्ती पुरूष जनरल, तकनीकी, लिपिक, स्टोर कीपर, ट्रेडमैन (8वीं एवं 10वी कक्षा उत्तीर्ण) अग्निवीर महिला (सेना पुलिस) तथा स्थाई कैडर नर्सिंग असिस्टेंट, नर्सिंग असिस्टेंट वेट और सिपाही फार्मा के पदों के लिए जारी की गई है। आंनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम सीईई 1 जून से 10 जून 2026 के मध्य आयेजित होने की संभावना है। सेना भर्ती कार्यालय रायपुर के मुताबिक अग्निवीरों की भर्ती के लिए अधिसूचना वेबसाइट www.joinindianarmy.nic.in पर उपलब्ध है। किसी भी प्रकार की जानकारी अथवा स्पष्टीकरण हेतु अंतराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के निकट स्थित सेना भर्ती कार्यालय, नया रायपुर के दूरभाष नम्बर 0771-2965212 एवं 0771-2965214 पर सम्पर्क कर सकते है।

# किसान, महिला और जनजातीय समाज के सशक्तिकरण से बनेगा समृद्ध छत्तीसगढ़ : मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

## महोत्सव का हुआ शुभारंभ : 156 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों की सौगात

*नई दृष्टिबिंदु / रायपुर*



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बैकुंठपुर में तीन दिवसीय सांस्कृतिक आयोजन कोरिया महोत्सव का शुभारंभ करते हुए कोरिया जिलेवासियों को 156 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों की ऐतिहासिक सौगात दी। इस अवसर पर उन्होंने 70 करोड़ रुपये से अधिक लागत के 104 कार्यों का लोकार्पण तथा 85 करोड़ 54 लाख रुपये से अधिक के 40 कार्यों का भूमिपूजन एवं शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह विकास कार्य केवल निर्माण परियोजनाएँ नहीं, बल्कि कोरिया जिले की समृद्धि, आत्मनिर्भरता और उज्ज्वल भविष्य के मजबूत आधार स्तंभ हैं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने संबोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ को संपन्न और समृद्ध प्रदेश के रूप में विकसित करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश कृषि प्रधान राज्य है और किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए सरकार लगातार ऐतिहासिक निर्णय ले रही है। राज्य सरकार ने अपने अधिकांश वादों को अल्प समय में पूरा कर दिखाया है तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रदेश की जनता से किए गए विकास संबंधी वादों को भी दो वर्षों के भीतर धरातल पर उतारा गया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में सभी शेष संकल्प भी पूर्ण किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार बनने के बाद पहली कैबिनेट बैठक में 18 लाख प्रधानमंत्री आवासों की स्वीकृति प्रदान की गई थी और अब उनके निर्माण कार्य तेजी से जारी हैं। उन्होंने बस्तर क्षेत्र का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्षों तक नक्सलवाद से प्रभावित रहने के कारण यह क्षेत्र विकास से वंचित रहा, लेकिन डबल इंजन सरकार के प्रयासों से नक्सल उन्मूलन में अभूतपूर्व सफलता मिली है। आज बस्तर के गांव-गांव में सड़क, अस्पताल और स्कूल खुल रहे हैं तथा उजड़े हुए गांव पुनः आबाद हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि बस्तर में नियद नेल्ला नार योजना प्रारंभ की गई है, जिससे विकास कार्यों को गति मिली है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने किसानों के हित में लिए गए निणर्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रदेश में प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी और 3100 रुपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य दिया जा रहा है। हाल ही में खरीदे गए धान की अंतर राशि होली से पहले किसानों के खातों में स्थानांतरित कर दी जाएगी, जिसके अंतर्गत लगभग 10 हजार करोड़ रुपये किसानों को मिलेंगे। उन्होंने कहा कि महतारी वंदन योजना के तहत प्रदेश की 70 लाख महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रुपये प्रदान किए जा रहे हैं और अब तक लगभग 15 हजार करोड़ रुपये वितरित किए जा चुके हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने दो वर्षों में पारदर्शी प्रशासन की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। सरकारी प्रक्रियाओं को डिजिटल सिस्टम से मजबूत बनाया गया है तथा पीएससी भर्ती प्रक्रिया को पूर्ण पारदर्शिता के साथ संचालित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्व में हुई गड़बड़ियों की जांच सीबीआई द्वारा कराई जा रही है और दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जा रही है। मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रदेश की प्राकृतिक संपदा का उल्लेख करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ खनिज और वन संपदा से भरपूर है तथा खनिजों के वैल्यू एडिशन पर विशेष जोर देकर आर्थिक विकास को नई दिशा दी जा रही है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि कोरिया जिले में पर्यटन की बेहद संभावनाएं हैं। उन्होंने जिले के विकास को गति देने के लिए देवगढ़ छुरी धाम को पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित करने, पुलिस चौकी पोड़ी को थाना का दर्जा देने, पुलिस सहायता केंद्र पंडोपारा को चौकी में उन्नत करने, पीडब्ल्यूडी कार्यालय भवन एवं जिला पुरातत्व कार्यालय स्थापित करने तथा फूलपुर में अधोसंरचना निर्माण एवं ट्रांजिट हॉस्टल निर्माण की घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने जिले में आवागमन सुविधा सुदृढ़ करने के लिए कई सड़क और पुल-पुलिया निर्माण कार्यों की भी घोषणा की। उन्होंने कोरिया से छिंदया शिवपुर गांव तक लगभग 8 करोड़ रुपये की लागत से पुल-पुलिया निर्माण, कुषहा से घुघरा मार्ग पर 6 करोड़ रुपये की लागत से पुल-पुलिया निर्माण तथा 18 करोड़ रुपये की लागत से सलका बाईपास निर्माण की घोषणा की। उन्होंने कहा कि बेहतर कनेक्टिविटी से आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी और ग्रामीण क्षेत्रों का विकास तेज होगा।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने कोरिया महोत्सव को जिले का विशेष तिहार बताते हुए मुख्यमंत्री को विकास कार्यों के लिए धन्यवाद दिया। महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई योजनाएँ संचालित की जा रही हैं तथा मुख्यमंत्री द्वारा जिले की छह महिलाओं को पिंक ई-रिक्शा प्रदान करना सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने सांस्कृतिक आयोजन को स्थानीय प्रतिभाओं के लिए महत्वपूर्ण मंच बताया।

इस अवसर पर विधायक भैयालाल राजवाड़े सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि 156 करोड़ रुपये के विकास कार्यों से जिले के विकास को नई दिशा मिलेगी। कार्यक्रम में संभागायुक्त नरेंद्र दुग्गा, आईजी दीपक झा, जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा, कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी, एसपी रविकुमार कुर्रे, जिला पंचायत सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं जिलेवासी उपस्थित थे।

## हर्बल ग्रोथ इंजन बनाने की दिशा में तेजी से काम कर रहा है बोर्ड : विकास मरकाम





*नई दृष्टिबिंदु / रायपुर*

राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड, औषधीय पौधों के संरक्षण, संवर्धन, खेती, विपणन और अनुसंधान के लिए की गई थी। यह बोर्ड गुणवत्तापूर्ण रोपण सामग्री सुनिश्चित करने, किसानों के लिए सब्सिडीऔर औषधीय क्षेत्र के विकास के लिए नीतियां लागू करता है। छत्तीसगढ़ आदिवासी, स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड के अध्यक्ष विकास मरकाम ने कल जिला धमतरी में बोर्ड के सहयोग से संचालित विभिन्न योजनाओं का स्थल निरीक्षण किया। श्री मरकाम ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशानुरूप और वन मंत्री केदार कश्यप के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ शासन के विजन 2047 के अंतर्गत राज्य को भारत का 'हर्बल ग्रोथ इंजन' बनाने के लिए बोर्ड मिशन मोड में कार्य कर रहा है।

औषधि पादप बोर्ड के अध्यक्ष श्री मरकाम ने निरीक्षण के दौरान नदियों के किनारे खस की खेती, लेमनग्रास और ब्राम्ही की खेती, बाड़ी योजना के अंतर्गत लगाए गए सिंदूरी पौधारोपण सहित अन्य गतिविधियों की समीक्षा की। श्री मरकाम ने औषधीय एवं सुगंधित पौधों की खेती कर रहे किसानों और महिला स्व-सहायता समूहों से उनके खेतों में जाकर मुलाकात की। उन्होंने किसानों से चर्चा कर जाना कि शासन की ओर से उन्हें और किस प्रकार की सहायता की आवश्यकता है। इस दौरान महिलाओं और किसानों ने उत्साहपूर्वक कहा कि अब छत्तीसगढ़ में खेती करने में सम्मान और बेहतर आय दोनों मिल रहे हैं।

अध्यक्ष श्री मरकाम ने जानकारी दी कि पिछले दो वर्षों में बोर्ड ने कई नवाचार मॉडल शुरू किए हैं। इनमें बाड़ी औषधीय पौधारोपण के माध्यम से महिला सशक्तिकरण, पंचायतों की खाली भूमि पर स्व-सहायता समूहों द्वारा औषधीय खेती (कन्वर्जेन्स मॉडल), कस्टम फार्मिंग मॉडल के तहत निजी निवेशकों के सहयोग से औषधीय खेती, पैडी डायवर्सन मॉडल के माध्यम से धान की जगह वच और ब्राम्ही जैसी लाभकारी फसलों का उत्पादन, नदियों के किनारे अनुपयोगी भूमि पर खस जैसी सुगंधित फसलों की खेती तथा ग्रामीण चारागाह भूमि को प्रशिक्षण केंद्र के रूप में विकसित करना शामिल है। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं से किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि हो रही है और राज्य जल्द ही किसानों की आय दोगुनी करने का लक्ष्य प्राप्त करेगा। फील्ड विजिट के दौरान बोर्ड के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जे.ए.सी.एस. राव भी उपस्थित रहे। उन्होंने अध्यक्ष विकास मरकाम तथा ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि बोर्ड आने वाले समय में और अधिक तेजी से कार्य करेगा।

## योजनाओं के लिए राशि की गई वितरित

*नई दृष्टिबिंदु / रायपुर*

श्रम कल्याण मंडल के अध्यक्ष योगेश दत्त मिश्रा की अध्यक्षता में ऑडिटोरियम जांजगीर में श्रमिक जन संवाद/श्रमिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्रमिकों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। इसके साथ ही पात्र हितग्राहियो को विभिन्न योजनाओं के तहत कुल 1 करोड़ 37 लाख 2 हजार 294 रुपये की राशि वितरित की गई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्रम कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष योगेश दत्त मिश्रा ने कहा कि श्रमिकों को शासन की योजनाओं का सीधा लाभ पहुंचाना विभाग की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि इस तरह के संवाद कार्यक्रमों से श्रमिकों में जागरूकता बढ़ेगी और अधिक से अधिक पात्र हितग्राही योजनाओं से लाभान्वित हो सकेंगे। उन्होंने कहा कि यह आयोजन श्रमिकों को योजनाओं से सीधे जोडने और संवाद स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। कार्यक्रम में पूर्व विधायक चुन्नीलाल साहू, नंदकुमार चौधरी, विकास शर्मा, पंकज अग्रवाल, अनिल शर्मा, हितेश यादव, पुष्पेंद्र प्रताप सिंह, श्रीमती इंद्रावती जांगड़े, संजय शर्मा सहित विभागीय अधिकारी-कमर्चारी और श्रमिक उपस्थित थे।

# भारत माता वाहिनी योजना से मजबूत हुआ नशामुक्ति का जनआंदोलन, मिला पुर्नवास का लाभ

*नई दृष्टिबिंदु / रायपुर*

प्रदेश में नशामुक्ति के प्रति व्यापक जनजागरण एवं सामुदायिक सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संचालित भारत माता वाहिनी योजना के तहत प्रभावी पहल की जा रही है। राज्य के प्रत्येक विकासखण्ड में 8-सदस्यीय संरचना के साथ कुल 3154 भारत माता वाहिनी समूहों का गठन किया गया है, जो गांव-गांव में नशामुक्ति के संदेश का प्रसार कर रहे हैं।

ग्राम पंचायत स्तर पर महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा नशामुक्ति के समर्थन में रैली, प्रभात फेरी, जनजागरूकता अभियान, नशा छोड़ने का संकल्प एवं शपथ कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन गतिविधियों से ग्रामीण क्षेत्रों में सकारात्मक सामाजिक वातावरण निर्मित हुआ है तथा युवाओं में नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूकता बढ़ी है।

राज्य के 25 जिलों में स्वैच्छिक संस्थाओं के माध्यम से 26 नशामुक्ति केंद्र संचालित हैं। इन केंद्रों में अब तक 4379 नशा पीड़ित व्यक्तियों को उपचार एवं पुनर्वास सेवाओं से लाभान्वित किया गया है। केंद्रों में चिकित्सकीय परामर्श, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, मनोवैज्ञानिक काउंसलिंग, योग एवं अनुशासित दिनचर्या के माध्यम से प्रभावित व्यक्तियों को स्वस्थ जीवन की ओर प्रेरित किया जा रहा है।




राज्य के 25 जिलों में स्वैच्छिक संस्थाओं के माध्यम से 26 नशामुक्ति केंद्र संचालित

जिला बलरामपुर इस अभियान का प्रेरक उदाहरण बनकर उभरा है। यहां सक्रिय भारत माता वाहिनी समूहों द्वारा सतत जागरूकता गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। साथ ही जिले में संचालित नशामुक्ति केंद्र के माध्यम से अब तक लगभग 478 नशा पीड़ित व्यक्तियों को उपचार एवं पुनर्वास का लाभ प्रदान किया गया है, जिससे वे पुनः समाज की मुख्यधारा में सम्मानपूर्वक जुड़ सके हैं।

उल्लेखनीय है कि नशा केवल व्यक्ति ही नहीं, बल्कि परिवार एवं समाज को भी प्रभावित करता है। इस तथ्य को दृष्टिगत रखते हुए राज्य शासन द्वारा जनभागीदारी आधारित मॉडल को अपनाकर नशामुक्ति अभियान को सशक्त रूप से क्रियान्वित किया जा रहा है। भारत माता वाहिनी योजना के माध्यम से प्रदेश को नशामुक्त, स्वस्थ एवं जागरूक समाज की दिशा में आगे बढ़ाने के प्रयास निरंतर जारी हैं।

# तकनीक संचालित प्रशासन भविष्य की आवश्यकता- उपमुख्यमंत्री शर्मा

## भारत पंडपम में आयोजित इंडिया-एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में राज्य का किया प्रतिनिधित्व

*नई दृष्टिबिंदु / रायपुर*

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित इंडिया-एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में भाग लेकर राज्य का प्रतिनिधित्व किया। वे लीडर्स प्लेनरी सत्र में शामिल हुए और शासन-प्रशासन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के प्रभावी उपयोग पर विशेष रुचि दिखाई। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने सम्मेलन के दौरान एआई के माध्यम से पारदर्शिता बढ़ाने, त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण सेवा वितरण सुनिश्चित करने तथा डेटा-आधारित निर्णय प्रणाली विकसित करने के विभिन्न मॉडलों का अवलोकन किया। उन्होंने स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, आंतरिक सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में एआई के सफल उपयोग के उदाहरणों पर विशेष ध्यान दिया।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव का द्वार भारत को आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के क्षेत्र में वैश्विक महाशक्ति बनाने के लिए बधाई देते हुए कहा कि यह शिखर सम्मेलन भारत द्वारा ग्लोबल साउथ में आयोजित पहला वैश्विक एआई सम्मेलन है, जिसमें अभूतपूर्व अंतरराष्ट्रीय भागीदारी देखने को मिली है। 20 से अधिक राष्ट्राध्यक्षों, 60 मंत्रियों और 500 से अधिक वैश्विक एआई नेताओं की उपस्थिति इस आयोजन की महत्ता को दर्शाती है।



श्री शर्मा ने बताया कि नीति-निर्माताओं, प्रौद्योगिकी कंपनियों, नवप्रवर्तकों, शिक्षाविदों और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों को एक मंच पर लाकर यह सम्मेलन इंडियाएआई मिशन और डिजिटल इंडिया पहल के अंतर्गत वैश्विक एआई विमर्श को ठोस एवं क्रियान्वयन योग्य विकास परिणामों में परिवर्तित करने का कार्य कर रहा है। उन्होंने समिट के प्रति वैश्विक उत्साह को उल्लेखनीय बताते हुए कहा कि 700 से अधिक प्रस्तावों की प्राप्ति इस बात का प्रमाण है कि पूरा विश्व भारत की एआई पहल को उत्साह से देख रहा है और सहयोग के लिए आगे आ रहा है।

श्री शर्मा ने कहा कि तकनीक संचालित प्रशासन ही भविष्य की आवश्यकता है और छत्तीसगढ़ सरकार डिजिटल नवाचारों को अपनाकर सुशासन को और अधिक सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श करते हुए राज्य में एआई आधारित समाधान लागू करने की संभावनाओं पर भी चर्चा की। उपमुख्यमंत्री ने वैश्विक विशेषज्ञों, नीति निर्माताओं और तकनीकी कंपनियों के प्रतिनिधियों से संवाद स्थापित कर सहयोग की संभावनाएं तलाशीं। उनका मानना है कि एआई का समुचित उपयोग ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में सेवा वितरण को अधिक प्रभावी बना सकता है।

### छत्तीसगढ़ के स्टाल का अवलोकन

समिट में छत्तीसगढ़ ड्रिवन बाई आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के स्टाल का भी अवलोकन किया। जहां इन्वेस्टमेंट कमिश्नर रितु सेन उनके दल द्वारा राज्य के आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस से जुड़े नवाचारों को प्रदर्शित किया गया था। उन्होंने स्टाल का अवलोकन कर युवाओं के दल का उत्साहवर्धन किया।



### उपमुख्यमंत्री ने यूनाइटेड नेशन्स रेजिडेंट कमिश्नर से की मुलाकात

इस अवसर पर डीआरडीओ के स्टाल पर छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने भारत में संयुक्त राष्ट्र के रेजिडेंट कोऑडिर्नेटर स्टीफन प्रिजनर से मुलाकात की। इस दौरान दोनों के बीच आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के क्षेत्र में वैश्विक सहयोग में तकनीक की भूमिका तथा विकासशील राज्यों में नवाचार आधारित समाधानों को बढ़ावा देने जैसे विषयों पर सार्थक चर्चा हुई।

## जनदर्शन में मिली त्वरित राहत : लगनी बाई को मिला राशन कार्ड



*नई दृष्टिबिंदु / रायपुर*

शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने और जन समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए जिला प्रशासन द्वारा आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में कोंडागांव जिले के केशकाल विकासखंड के ग्राम गौरगांव निवासी श्रीमती लगनी बाई को त्वरित राहत मिली। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा बैठक के उपरांत कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने जनदर्शन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान लगनी बाई ने राशन कार्ड बनवाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। कलेक्टर ने उनके आवेदन पर खाद्य विभाग के अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। खाद्य विभाग द्वारा उसी दिन आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण कर लगनी बाई को राशन कार्ड बनाकर प्रदान किया गया।

राशन कार्ड प्राप्त होने से लगनी बाई और उनका परिवार अब नियमित रूप से शासकीय योजनाओं के अंतर्गत मिलने वाले राशन सामग्री के साथ साथ अन्य योजनाओं का भी लाभ उठा सकेंगे। उन्होंने इस त्वरित सहायता के लिए शासन प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया।

खास खबर

मुलाकातों का चला दौर

## सीएम साय को मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज प्रतिनिधिमंडल ने 80वां महा- अधिवेशन का दिया न्यौता



नई दृष्टिबिंदु / रायपुर

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से महानदी भवन में छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान समाज के पदाधिकारियों ने 21 व 22 फरवरी 2026 को बलौदाबाजार - भाटापारा जिले के ग्राम चाँपा ( सैंहा ) में आयोजित हो रहे 80 वॉ छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज महा-अधिवेशन के लिए निमंत्रण दिया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए अग्रिम बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा, केन्द्रीय महामंत्री यशवंत सिंह वर्मा, कोषाध्यक्ष जागेश्वर बघेल, राज प्रधान बलौदाबाजार श्रीमती सुनीता वर्मा, चन्दखुरी चिन्ता राम वर्मा, रायपुर जगेश्वर प्रसाद वर्मा अर्जुन राज हरी राम वर्मा ,हरिश्चंद्र वर्मा, रघुनंदन वर्मा सहित समाज के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी गण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से आईएमए के प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से महानदी भवन में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन छत्तीसगढ़ स्टेट के प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान डॉक्टरों ने 7 व 8 मार्च 2026 राजधानी रायपुर में स्थित श्री बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में "आईएमए सीजीकॉन 2026" 21 वां स्टेट कॉन्फ्रेंस का न्यौता दिया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए अग्रिम बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर आईएमए छत्तीसगढ़ राज्य शाखा अध्यक्ष एवं चेयरमेन डॉ. अनूप वर्मा, अध्यक्ष हॉस्पिटल बोर्ड डॉ. सुरेंद्र शुक्ला, आईएमए सचिव डॉ. संजीव श्रीवास्तव, डॉ. गंभीर सिंह उपस्थित थे।

## मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने निरंजनी पीठाधीश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरी जी महाराज से लिया आशीर्वाद



**रायपुर।** महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने रायपुर में परम पूज्य निरंजनी पीठाधीश्वर श्रीश्री 1008 आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरी जी महाराज के दिव्य दर्शन कर उनका स्नेहिल आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस अवसर पर मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि संत महापुरुषों का सान्निध्य समाज को सेवा, संस्कार और मानव कल्याण के मार्ग पर अग्रसर होने की प्रेरणा देता है। उनके विचार समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं तथा जनसेवा के कार्यों को अधिक समर्पण भाव से करने की शक्ति प्रदान करते हैं।

मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और कल्याण की कामना करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की समृद्ध आध्यात्मिक परंपरा हमारी सांस्कृतिक धरोहर की महत्वपूर्ण पहचान है। इस परंपरा को संरक्षित एवं संवर्धित करना हम सभी का दायित्व है। इस अवसर पर केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री केदार कश्यप, राज्य बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा तथा आईएनएच-हरिभूमि के संपादक श्री हिमांशु द्विवेदी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## केंद्रीय महिला व बाल विकास राज्यमंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर से मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने की भेंट



**रायपुर।** महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर के छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान रायपुर स्थित पहुना अतिथि गृह में उनसे सौजन्य भेंट की। भेंट के दौरान महिला एवं बाल विकास से जुड़े विभिन्न जनकल्याणकारी विषयों पर सकारात्मक एवं विस्तृत चर्चा हुई। प्रदेश में महिलाओं और बच्चों के सशक्तिकरण, पोषण स्तर में सुधार, सुरक्षा तंत्र की मजबूती तथा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर विचार-विमर्श किया गया। केंद्र एवं राज्य सरकार के समन्वय से योजनाओं को और अधिक परिणाममूलक बनाने पर भी सहमति व्यक्त की गई।

मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने प्रदेश में संचालित योजनाओं की प्रगति की जानकारी देते हुए बताया कि राज्य सरकार महिलाओं और बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु प्रतिबद्ध है तथा जमीनी स्तर पर योजनाओं की सतत मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जा रही है। इस अवसर पर राज्य बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा भी उपस्थित रहीं। उन्होंने बाल संरक्षण से संबंधित गतिविधियों एवं पहलों की जानकारी साझा की।

# बच्चे कच्ची मिट्टी के समान जिस सांचे में ढालोंगे वह उस हिसाब ढल जाता है: विधायक चंद्राकर

नई दृष्टिबिंदु / दुर्ग




पीएमश्री प्रोन्नत शासकीय प्राथमिक शाला, आदर्श नगर, उतई में आयोजित वार्षिक स्नेह सम्मेलन एवं पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना के साथ संपन्न हुआ।

इस अवसर पर मेधावी एवं प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएँ प्रेषित की गईं। विधायक ललित चंद्राकर ने अपने उद्बोधन में कहा, "शिक्षा ही वह आधार है जो हमारे बच्चों को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाती है। उन्होंने आगे कहा, "हमारी सरकार शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर सुधार करने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारा उद्देश्य है कि हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले और वे अपने सपनों को पूरा कर सकें।"

श्री चंद्राकर नेकहा, "मैं इस अवसर पर सभी से आग्रह करता हूं कि वे अपने बच्चों को शिक्षा के महत्व को समझाएं और उन्हें पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित करें। वार्षिक उत्सव बच्चों को शाल भर इंतजार रहता है, बच्चे अपने प्रतिभा को दिखाते हैं, शाल भर के लेखा जोखा को प्रस्तुत करते हैं। बच्चे कच्ची मिट्टी के समान होता है, उसको जिस सांचे में ढालोंगे उस हिसाब से बन जाता है। माता पिता बच्चों का प्रथम गुरु होता है, इस लिए घर में शिक्षा के साथ साथ संस्कार भी प्रदान करें जिससे समाज में सभ्य नागरिक बन सके।"

आगे श्री चंद्राकर ने कहा 21 फरवरी से दसवीं बारहवीं की बोर्ड परीक्षा शुरू हो रही हैं इन दिनों आपके मन में उत्साह भी है और थोड़ा सा तनाव भी। लेकिन सबसे पहले यह जान लीजिए- आप अकेले नहीं हैं। हम सब आपके साथ हैं। आप सभी नियमित पढ़ाई करें, कठिन विषयों को दोहराएँ, समय का संतुलन बनाए रखें। पर्याप्त नींद लें, पौष्टिक भोजन करें और कुछ दिनों के लिए मोबाइल से दूरी बनाकर अपने लक्ष्य पर पूरी तरह ध्यान केंद्रित करें।

इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष सरस्वती साहू, महामंत्री चंदु देवांगन, उपाध्यक्ष शिव नारायण देशमुख, पार्षद सभापति सोनू राजपूत, मंडल उपाध्यक्ष विमला कामड़े, दानेश्वरी देशमुख, पार्षदगण संगीत रजक, हुबीराम साहू, लता सोनवानी, अनिता नीलम गढ़े, विजयलक्ष्मी साहू, रुपेश पारख, गिरीश शर्मा, प्रधान पाठक लाला राम साहू, सुब्बा नायडू, सावंत राम साहू, विधायक प्रतिनिधि डीकेश साहू सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ एवं अभिभावकगण उपस्थित रहे।

# खैर लकड़ी की अंतर्राज्यीय तस्करी का भंडाफोड़, चांपा के गुप्त गोदाम पर छापा, वन विभाग की बड़ी कार्रवाई

नई दृष्टिबिंदु / रायपुर



जिला प्रशासन के निर्देश पर वन विभाग रायगढ़ ने खैर लकड़ी की अवैध तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाईकरते हुए एक अंतर्राज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ किया है। 16 फरवरी को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर रायगढ़ वन मंडलाधिकारी के मार्गदर्शन में उप वनमंडलाधिकारी और उड़नदस्ता दल की टीम ने कार्रवाई की। दबिश के दौरान तस्कर लकड़ी से भरा ट्रक लेकर भागने लगे, लेकिन वन विभाग की सतकर्ता से चंद्रपुर मार्ग पर घेराबंदी कर ट्रक क्रमांक सीजी-06-2022 को पकड़ लिया गया। चालक प्रारंभ में फरार हो गया था, परंतु बाद में उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

पूछताछ में खैर लकड़ी की अवैध तस्करी के बड़े नेटवर्क का खुलासा हुआ। आरोपी चालक और उसके साथी मेलाराम ने बताया कि गिरोह आसपास के जंगलों से खैर की कीमती लकड़ी काटकर सहसपुरी क्षेत्र में जमा करता था। इसके बाद लकड़ी को चांपा स्थित एक गुप्त गोदाम में पहुंचाया जाता था। रात लगभग एक बजे रायगढ़ की टीम ने चांपा के अकलतरा भांटा क्षेत्र में संयुक्त छापेमारी की। इस कार्रवाई में वन विभाग चांपा का भी सहयोग रहा। छापे में भारी मात्रा में खैर लकड़ी बरामद की गई।

जांच में सामने आया है कि यह गिरोह रायगढ़ और चांपा को केंद्र बनाकर लकड़ी को ऊंचे दामों पर पंजाब और हरियाणा जैसे राज्यों में बेचता था। वन विभाग ने प्रकरण में संबंधित आरोपियों के विरुद्ध वन अधिनियम के तहत वैधानिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी है। इस पूरे अभियान में उप वनमंडलाधिकारी तन्मय कौशिक, वन परिक्षेत्राधिकारी संजय लकड़ा तथा उड़नदस्ता प्रभारी संदीप नामदेव की टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

वन विभाग ने आम जनता से अपील की है कि जिले में कहीं भी अवैध वन अपराध की जानकारी मिलने पर मोबाइल नंबर +91-99263-21401 अथवा टोल फ्री नंबर 1800-233-2631 पर सूचना दें। सूचना देने वाले की जानकारी गोपनीय रखी जाएगी। राज्य शासन की वन संरक्षण एवं हरित छत्तीसगढ़ की मंशा के अनुरूप वन संपदा की सुरक्षा हेतु ऐसे अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेंगे।

## 7160 अत्यंत पिछडे.जनजाति घरों को ग्रिड से बिजली देने का लक्ष्य पूर्ण

नई दृष्टिबिंदु / रायपुर

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी ने पीएम जनमन योजना के अंतर्गत शत-प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण करते हुए देश में प्रथम स्थान अर्जित किया है। इस योजना के तहत विशेष पिछड़ी अनुसूचित जनजातियों के 7160 घरों में ग्रिड से बिजली पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। इस उपलब्धि के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा प्रदेश के ऊर्जा सचिव डॉ. रोहित यादव ने हितग्राहियों तथा कंपनी कमिर्यो को बधाई प्रेषित की है।

भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा दो वर्ष पूर्व प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान योजना की शुरूआत की गई थी जिसे पीएम जनमन के लोकप्रिय नाम से जाना जाता है। इस योजना के अंतर्गत, छत्तीसगढ़ की सात विशेष पिछड़ी जनजातियों, अबुझमाड़ियों, बैगा, भारिया, पहाड़ी कोरबा, कमार, अगरिया तथा बिरहोर जनजातियों के आवासों का सर्वेक्षण किया गया था। इस योजना के अंतर्गत 7160 ऐसे आवासों को चिन्हांकित किया गया जहां ग्रिड से बिजली नहीं पहुंची थी। इन घरों को बिजली कनेक्शन देने के लिए 37 करोड़ रूपये की लागत से अधोसंरचना का विकास किया गया जिसके अंतर्गत टॉवर, लाइन, फीडर, ट्रांसफार्मर आदि की स्थापना की गई और इन्हें क्रियाशील किया गया। इस तरह छत्तीसगढ,. विशेष पिछड़ी जनजातियों के 7160 घरों में बिजली कनेक्शन देने वाला देश का अव्वल राज्य बन गया है।

निरीक्षण

संपत्तिकर वसूली और शहर में जारी निर्माण कार्यों की प्रगति पर की चर्चा

# विकास कार्यों और राजस्व वसूली में लाएं तेजी–आयुक्त पाण्डेय

नई दृष्टिबिंदु / भिलाई



नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने अपने कक्ष में महत्वपूर्ण विभागीय कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में आवास योजना, राज्य प्रवर्तित योजनाओं, विधानसभा प्रश्नों के उत्तर, संपत्तिकर वसूली और शहर में जारी निर्माण कार्यों की प्रगति पर चर्चा की गई। आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी दिनों में माननीय उप मुख्यमंत्री महोदय की प्रस्तावित बैठक के मद्देनजर सभी आवश्यक जानकारियां तत्काल तैयार कर प्रस्तुत करें।

शहर में अवैध प्लाटिंग को पूरी तरह रोकने के लिए संबंधित खसरों को 'बैन' करने की प्रक्रिया तेज की जाएगी, ताकि अवैध खरीद-बिक्री पर प्रभावी रोक लग सके। चैन खसरी का अवलोकन आम नागरिक वेबसाइट पर कर सकते हैं। स्लम विस्थापन के तहत आई एच एस डी पी और बांचे आवास के हितग्राहियों को 75,000 रुपये की राशि जमा कराने के पश्चात प्रधानमंत्री आवास योजना का आवंटन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

बकाया संपत्तिकर की वसूली को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए 100 प्रतिशत वसूली का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। शहर में चल रहे निर्माण और सौंदर्याकरण के कार्यों को अविलंब प्रारंभ करने और समय सीमा में पूर्ण करने को कहा गया है, ताकि नागरिकों को सुविधाओं का लाभ मिल सके। शासन की इस महत्वपूर्ण योजना का लाभ अधिक से अधिक नागरिकों तक पहुँचाने और व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए गए। विभिन्न केंद्र एवं राज्य प्रवर्तित योजनाओं के अंतर्गत नए विकास कार्यों के प्रस्ताव तैयार कर स्वीकृति हेतु शासन को भेजने पर सहमति बनी। सभी विभागीय कार्यों को समय सीमा के भीतर और पूरी पारदर्शिता के साथ पूर्ण करें। विधानसभा सदस्यों द्वारा मांगी गई जानकारियों को प्राथमिकता के आधार पर प्रेषित किया जाए।

### विकास कार्यों का किया औचक निरीक्षण

नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने जोन–2 क्षेत्र का सघन दौरा कर नवनिर्मित एसएलआरएम सेंटर, प्रधानमंत्री आवास योजना हेतु प्रस्तावित स्थल और पूर्व निर्मित आवास कॉलोनियों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उनके साथ जोन आयुक्त येशा लहरे एवं निगम के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

आयुक्त ने वैशाली नगर अंतर्गत घासीदास नगर में नवनिर्मित एसएलआरएम सेंटर का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने निर्माण कार्य में शेष रह गए छोटे–मोटे कार्यों को तत्काल पूर्ण करने के निर्देश दिए ताकि सेंटर का संचालन जल्द से जल्द सुचारू रूप से शुरू किया जा सके। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत प्रस्तावित रिक्त स्थलों का भी अधिकारियों द्वारा अवलोकन किया गया। आयुक्त ने भविष्य की कायर्योजना को लेकर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। आईएचएसडीपी एवं बांबे आवास के निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि कई निवासियों ने घरों के सामने अवैध रूप से अतिक्रमण कर रखा है जिसे तत्काल हटाने की कायर्वाही कहा गया। कॉलोनियों में साफ–सफाई की व्यवस्था दुरुस्त करने हेतु स्वास्थ्य विभाग की टीम को विशेष निर्देश दिए गए ताकि निवासियों को स्वच्छ वातावरण मिल सके। निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त येशा लहरे, उप अभियंता श्वेता वर्मा व चंदन निर्मल, जोन स्वास्थ्य अधिकारी शंकर सहानी, स्वच्छता निरीक्षक अंजनी सिंह एवं संबंधित क्षेत्र के सुपरवाइजर मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



# संघर्ष से सफलता तक: कुनकुरी की नेहा खाखा बनीं नवगुरुकुल की प्रेरक पहचान

नई दृष्टिबिंदु / जशपुर



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मंशानुरूप जिला प्रशासन जशपुर द्वारा संचालित नवगुरुकुल संस्थान ग्रामीण एवं सामान्य पृष्ठभूमि के युवाओं को आधुनिक कौशल से सुसज्जित कर आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रभावी कार्य कर रहा है। यह पहल न केवल रोजगार के नए अवसर सृजित कर रही है, बल्कि जिले के युवाओं को आत्मविश्वास के साथ भविष्य निर्माण की ओर अग्रसर कर रही है।

इसी नवाचारपूर्ण पहल का सशक्त उदाहरण हैं कुनकुरी की नेहा खाखा। वर्तमान में नेहा नवगुरुकुल में फाइनेंस जूनियर एसोसिएट टीम में ग्रोथ रोल पर कार्यरत हैं, जहाँ उन्हें 2.52 लाख रुपये वार्षिक पैकेज प्राप्त हो रहा है। अपनी भूमिका में वे अन्य विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करती हैं, उनके आत्मविश्वास को सुदृढ़ करती हैं और उनकी शैक्षणिक प्रगति में सहयोग प्रदान करती हैं। नेहा का कहना है कि नवगुरुकुल ने उन्हें केवल तकनीकी ज्ञान ही नहीं दिया, बल्कि जीवन में आगे बढ़ने का आत्मविश्वास भी प्रदान किया है। यहाँ का सहायक और प्रेरक वातावरण उनके व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण सिद्ध हुआ है।

आत्मविश्वास से भरी नई उड़ान

नेहा बताती हैं कि उनके पिता के निधन पश्चात उनकी माता श्रीमती ललिता खाखा परिवार की जिम्मेदारियाँ संभाल रही हैं। सीमित संसाधनों और पारिवारिक चुनौतियों के बीच नेहा ने शिक्षा को अपनी ताकत बनाया। उन्होंने डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल, कांसाबेल से उच्च माध्यमिक शिक्षा पूर्ण की। नवगुरुकुल के बारे में उन्हें अपनी माता से जानकारी मिली। तत्पश्चात उन्होंने स्वामी आत्मानंद शासकीय विद्यालय, मनोरा में आयोजित एक सेमिनार में भाग लेकर संस्थान के लर्निंग मॉडल को समझा।

प्रवेश परीक्षा में सफलता प्राप्त कर उन्होंने नवगुरुकुल, जशपुर में अध्ययन प्रारंभ किया। नेहा ने नवगुरुकुल में स्कूल ऑफ फाइनेंस का चयन किया। एक वर्ष के अध्ययन के दौरान उन्होंने वित्तीय विवरण, मैनेजमेंट अकाउंटिंग, कॉस्ट अकाउंटिंग तथा टैली में दक्षता प्राप्त की। साथ ही संचार कौशल, टीम वर्क और समस्या समाधान जैसे सॉफ्ट स्किल्स में भी उल्लेखनीय सुधार किया। इसके परिणाम स्वरूप उन्हें नवगुरुकुल में ही जॉब मिल गया। जहाँ वे अपनी शिक्षा जारी रखते हुए रोजगार भी प्राप्त कर रही है। वे पंडित सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी, कुनकुरी से स्नातक शिक्षा भी पूर्ण कर रही हैं।

जिला प्रशासन जशपुर द्वारा संचालित नवगुरुकुल संस्थान जिले के युवाओं एवं छात्राओं के लिए कौशल विकास और आत्मनिर्भरता का प्रभावी माध्यम बनकर उभर रहा है। यहाँ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुभवी प्रशिक्षकों का मार्गदर्शन एवं अनुशासित शिक्षण वातावरण उपलब्ध कराया जाता है। संस्थान में प्रोग्रामिंग, बिजनेस एवं फाइनेंस जैसे आधुनिक पाठ्यक्रमों के साथ जीवन कौशल का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया जाता है, जिससे विद्यार्थी रोजगारोन्मुखी बनते हैं। नेहा खाखा की यह कहानी दर्शाती है कि समर्पित प्रयास, उचित मार्गदर्शन और संस्थागत सहयोग मिलने पर ग्रामीण अंचल की बेटियाँ भी आत्मनिर्भरता की नई ऊँचाइयाँ छू सकती हैं। नवगुरुकुल जैसी पहलें जशपुर जिले को कौशल संपन्न और सशक्त युवाओं की नई पहचान दे रही हैं।

**चित्रकोट महोत्सव समापन आज**

**जगदलपुर।** विश्व प्रसिद्ध और एशिया के नियाग्रा के रूप में विख्यात चित्रकोट जलप्रपात के पावन तट दो दिवसीय चित्रकोट महोत्सव का भव्य समापन गुरुवार को होने जा रहा है।

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार मिलाई नगर, तहसील व जिला दुर्ग

–::ईश्तहार ::–

(रा.प्र.के. 202602101000157 /अ/6 वर्ष 2025–26)

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अनिता चौहान आ./प.प. श्री राहुल कुमार चौहान निवासी कैलाश नगर कुरुद द्वारा ग्राम कुरुद प.ह.नं. 46 रा.नि.मं. कोहका स्थित भूमि खसरा नं. 1546/17 तहसील व जिला दुर्ग रकबा 0 .0106भूमि को रजिस्ट्री बैनामा के आधार पर दिनांक 21/4/2025 के आधार पर विक्रेता प्रदीप गुप्ता आश्री आर. बी. गुप्ता से कय किया गया है, कि रजिस्ट्री बैनामा के आधार पर नामांतरण किये जाने बाबत आवेदन पत्र मय बैनामा की छाया प्रति प्रस्तुत किया गया है।

अत: उपरोक्त भूमि के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 13.13/2026 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 18.12/2026 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से, जारी किया गया है।

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**भिलाई नगर**

# जल जीवन मिशन से बदली ग्राम भोथली की तस्वीर, घर-घर नल कनेक्शन से जल संकट का हुआ समाधान

*नई दृष्टिबिंदु / राजनांदगांव*

जिले के डोंगरगांव विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत मरेठानवागाँव के आश्रित ग्राम भोथली में कभी पेयजल की समस्या ग्रामीण जीवन की सबसे बड़ी चुनौती थी। गर्मियों के दिनों में भूजल स्तर नीचे गिर जाने से हैंडपंप से भी पानी प्राप्त नहीं हो पाता था। पानी के लिए लंबी कतारें लगती थीं और ग्रामीणों को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता था। अस्वच्छ जल के कारण बीमारियों का खतरा भी हमेशा बना रहता था।

जल जीवन मिशन योजना के प्रभावी क्रियान्वयन ने ग्राम भोथली की स्थिति को पूरी तरह बदल दिया। गांव में सौर ऊर्जा संचालित पम्प की स्थापना कर नियमित एवं स्वच्छ पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित हो रही है। अब ग्रामीणों को घर-घर नल कनेक्शन के माध्यम से प्रतिदिन स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो रहा है। इससे न केवल जल संकट का स्थायी समाधान



हुआ है, बल्कि ग्रामीणों के जीवन स्तर में भी उल्लेखनीय सुधार आया है। जल जीवन मिशन योजना के तहत गुणवत्ता की निगरानी के लिए गांव की पाँच महिलाओं को फील्ड टेस्ट किट से पानी की जाँच का प्रशिक्षण दिया गया है। वे समय-समय पर पानी की गुणवत्ता की जांच कर रही हैं। साथ ही सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए पानी समिति का गठन किया गया है, जो जल आपूर्ति व्यवस्था के रखरखाव की जिम्मेदारी निभा रही है।

स्वच्छ पानी की उपलब्धता से ग्रामीण परिवारों के स्वास्थ्य पर सकारात्मक असर पड़ा है। दूषित पानी से होने वाली बीमारियों पर होने वाला खर्च कम हुआ है और लोगों की कार्यक्षमता बढ़ी है। घर में नल लगने से महिलाओं और बच्चों का समय बचा है, जिसका उपयोग अब वे खेती-किसानी और अन्य उपयोगी कार्यों में कर रहे हैं। ग्रे वॉटर मैनेजमेंट के तहत ग्रामीणों को सोख्ता गड्ढों के निर्माण की जानकारी देकर जल संरक्षण और स्वच्छता को भी बढ़ावा दिया गया है। ग्रामवासियों ने इस परिवर्तन के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया है।

**खास खबर**

## बीएसपी टाउनशिप में लंबित विद्युत बिलों की वसूली के लिए कार्रवाई शुरु

*नई दृष्टिबिंदु / भिलाई*

भिलाई इस्पात संयंत्र (बीएसपी) टाउनशिप प्रशासन द्वारा दुकानों एवं आवासीय क्वाटरों के लंबित विद्युत बिलों की वसूली सुनिश्चित करने हेतु विधिसम्मत कायर्वाही प्रारंभ कर दी गई है। यह कदम विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को सुव्यवस्थित बनाए रखने तथा नियमानुसार राजस्व वसूली के उद्देश्य से उठाया गया है।

उल्लेखनीय है कि विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 56 के अंतर्गत विद्युत बिल का भुगतान न करना स्पष्ट रूप से कानून का उल्लंघन है। इसी क्रम में टाउनशिप प्रशासन द्वारा संबंधित दुकानदारों, निवासियों एवं अन्य विद्युत उपभोक्ताओं को विधिवत नोटिस जारी किए जा रहे हैं। नोटिस जारी होने के 15 दिवस पश्चात भी बकाया राशि का भुगतान न किए जाने की स्थिति में विद्युत आपूर्ति विच्छेदन (डिस्कनेक्शन) की कायर्वाही की जा रही है। यह प्रक्रिया आगे भी निरंतर एवं सख्ती के साथ जारी रहेगी।

विद्युत अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार, वितरण कंपनी को बकाया भुगतान की स्थिति में विद्युत आपूर्ति काटने का विधिक अधिकार प्राप्त है। तदनुसार, नियमों के अनुपालन में कुछ प्रमुख दुकानों पर कार्वाई करते हुए उनकी विद्युत आपूर्ति भी विच्छेदित की जा चुकी है। बीएसपी टाउनशिप प्रशासन ने सभी संबंधित उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे किसी भी असुविधा से बचने के लिए अपने लंबित विद्युत बिलों का शीघ्र भुगतान सुनिश्चित करें तथा सहयोग करें।

## ऑपरेशन यात्री सुरक्षा: 24 घंटे में 8 आरोपी गिरफ्तार

### ऑपरेशन नार्कोस के तहत आरपीएफ नागपुर मंडल की बड़ी कार्रवाई

*नई दृष्टिबिंदु / नागपुर*

रेलवे सुरक्षा बल (RPF), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल द्वारा रेलवे बोर्ड के निर्देशानुसार चलाए जा रहे विशेष अभियानों—'ऑपरेशन यात्री सुरक्षा', ऑपरेशन रेल सुरक्षा एवं ऑपरेशन नार्कोस—के अंतर्गत मात्र 24 घंटे के भीतर चार अलग-अलग मामलों में कुल 08 आरोपियों को गिरफ्तार करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की गई। यह अभियान रेल संपत्ति की सुरक्षा, यात्री सामान की चोरी की रोकथाम तथा प्रतिबंधित मादक पदार्थों, अवैध शराब एवं अन्य अवैध वस्तुओं के परिवहन पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से निरंतर चलाया जा रहा है।

राजनांदगांव रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक 01 पर मध्यरात्रि चेकिंग के दौरान तीन संदिग्ध व्यक्तियों को यात्रियों की भीड़ में घूमते एवं उनके सामान की रेकी करते हुए पकड़ा गया। पूछताछ में उनके पास वैध यात्रा टिकट नहीं पाया गया, जिसके बाद उन्हें अग्रिम कार्रवाई हेतु जीआरपी डोंगरगढ़ को सुपुर्द किया गया।

17 फरवरी को गाड़ी संख्या 11754 की निगरानी के दौरान बालाघाट स्टेशन पर एक युवक को संदिग्ध अवस्था में अंधेरे से निकलकर ट्रेन में चढ़ते एवं रेकी करते हुए पकड़ा गया। पूछताछ में संतोषजनक उत्तर न मिलने पर जांच की गई, जिसमें वर्ष 2016 से 2023 के बीच उसके विरुद्ध चोरी, आर्म्स एक्ट एवं अन्य धाराओं के तहत कुल 08 मामले दर्ज पाए




गए। आरोपी को आगे की विधिक कार्रवाई हेतु जीआरपी को सौंपा गया।

इसी क्रम में ऑपरेशन नार्कोस के तहत दिनांक 17 फरवरी को गाड़ी संख्या 18109 टाटा-ईतवारी एक्सप्रेस से गोंदिया स्टेशन पर एक महिला को संदिग्ध स्थिति में पकड़ा गया। तलाशी के दौरान उसके ट्रॉली बैग से 10 किलो 335 ग्राम गांजा (अनुमानित मूल्य 5,16,750/-) तथा एक एंड्रॉयड मोबाइल बरामद किया गया। आरोपी महिला के विरुद्ध NDPS Act के तहत मामला दर्ज कर शासकीय रेल पुलिस, गोंदिया द्वारा जांच प्रारंभ की गई है।

इसके अतिरिक्त, नैनपुर क्षेत्र में ग्वारीघाट स्टेशन के जबलपुर छोर स्थित नॉर्थ गुमटी (सिग्नल) का ताला तोड़कर केबल क्षतिग्रस्त करने के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए RPF द्वारा अपराध पंजीबद्ध किया गया। श्वान दस्ते एवं सीसीटीवी फुटेज की सहायता से तीन आरोपियों की पहचान कर उन्हें अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार किया गया। आरोपियों ने पूछताछ में रेलवे गुमटी का ताला तोड़कर केबल काटने का अपराध स्वीकार किया है।

उक्त समस्त कार्रवाई मुनव्वर खुर्शीद, महानिरीक्षक सह-प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त, बिलासपुर के निर्देशन तथा दीप चन्द्र आर्य, मंडल सुरक्षा आयुक्त/रेसुब नागपुर के मार्गदर्शन में संपन्न की गई।

रेलवे सुरक्षा बल नागपुर मंडल यात्रियों से अपील करता है कि रेलगाड़ियों, स्टेशनों एवं परिसर में किसी भी संदिग्ध व्यक्ति, गतिविधि या लावारिस वस्तु दिखाई देने पर तुरंत RPF पोस्ट, ड्यूटी स्टाफ या रेलवे हेल्पलाइन नंबर 139 पर सूचना दें, ताकि त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। रेलवे सुरक्षा बल यात्रियों की सुरक्षा एवं रेल संपत्ति की रक्षा हेतु पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

## जोन आयुक्त ने किया निरीक्षण, निर्माण कार्यों में तेजी लाने के दिए दिशा निर्देश



*नई दृष्टिबिंदु / भिलाई*

निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देशानुसार, जनसुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए जोन-3 आयुक्त कुलदीप गुप्ता ने मदर टेरेसा नगर अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सार्वजनिक सुलभ शौचालयों, निर्माणाधीन नालियों और साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। जोन आयुक्त ने निर्देश दिए कि सभी निर्माणाधीन कार्यों को समय-सीमा के भीतर गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए, ताकि आम नागरिकों को मूलभूत सुविधाओं का त्वरित लाभ मिल सके।

पावर हाउस रेलवे स्टेशन के समीप स्थित सार्वजनिक शौचालय के निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने अंदर और बाहर बेहतर साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता व्यवस्था ऐसी हो जिससे उपयोगकर्ताओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। पावर हाउस सर्कुलर मार्केट में सफाई व्यवस्था का जायजा लेते हुए उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि सफाई कमर्चारियों की प्रतिदिन समय पर उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। सर्कुलर मार्केट में निर्माणाधीन नए शौचालय और रविदास नगर सब्जी मंडी स्थित सुलभ इंटरनेशनल में चल रहे कार्य का अवलोकन किया गया। निर्माण एजेंसी को कार्य में गुणवत्ता बरतने और उसे जल्द से जल्द पूरा करने को कहा गया है।

निरीक्षण के दौरान नितेश मेश्राम सहायक अभियंता, दीपक देवांगन उप अभियंता, अशोक देवांगन, बसंत देवांगन सहायक राजस्व अधिकारी, बीरेन्द्र बंजारे जोन स्वास्थ्य अधिकारी, चुड़ामणी यादव स्वच्छता निरीक्षक सहित संबंधित सुपरवाइजर और निगम कर्मचारी उपस्थित रहे।

## भर्रीटोला, मानपुर में इंटीग्रेटेड फार्मिंग क्लस्टर क्षेत्र का भ्रमण

*नई दृष्टिबिंदु / भिलाई*

राष्ट्रीय आजीविका मिशन अंतर्गत डोंगरगढ़ विकासखंड के बोरतलाब, डोंगरगांव विकासखंड के डोंगरगांव एवं राजनांदगांव विकासखंड के सुरगी संकुल से 30 प्रतिभागियों को भर्रीटोला, मानपुर में इंटीग्रेटेड फार्मिंग क्लस्टर में क्षेत्र का भ्रमण कराया गया। भ्रमण के दौरान बकरीपालन एवं मुर्गीपालन के इनक्यूबेशन सेंटर, ब्रीडिंग सेंटर, टीकाकरण, डिवर्मिंग प्रक्रिया, हितग्राही शेड निर्माण का भ्रमण कराया गया और प्रबंधन के संबंध में जानकारी दी गई। भ्रमण के बाद संकुल प्रतिभागियों द्वारा बकरीपालन ब्रीडिंग सेंटर, मुर्गी अंडा इनक्यूबेशन सेंटर का संचालन किया जाएगा। पशु सखियों को उद्यमी के




रूप में विकसित करते हुए हितग्राहियों को बकरीपालन, मुर्गीपालन, टीकाकरण, डिवर्मिंग का लाभ दिलाया जाएगा, जिससे पशु सखी एवं हितग्राही लखपति परिवार बन सकें।

## क्राइम रिव्यू बैठक : लंबित मामलों के त्वरित निराकरण के निर्देश, स्कूल और कॉलेज में पेट्रोलिंग बढ़ाने निर्देश

### ईव-टीजिंग पर सख्ती और गुंडा तत्वों की जमानत निरस्तीकरण की हिदायत

*नई दृष्टिबिंदु / बिलासपुर*

पुलिस महानिरीक्षक रामगोपाल गर्ग ने बिलासपुर रेंज कार्यालय में बिलासपुर जिले के पुलिस अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह सहित सभी राजपत्रित अधिकारी, सीएसपी/एसडीओपी तथा थाना-चौकी प्रभारी उपस्थित रहे।

बैठक की शुरुआत में आईजी ने सभी अधिकारियों का औपचारिक परिचय लिया। इसके बाद एसएसपी रजनेश सिंह ने जिले की अपराध स्थिति और कानून व्यवस्था पर सामान्य प्रस्तुतीकरण दिया। आईजी ने नगर पुलिस अधीक्षकों और अनुविभागीय अधिकारियों से कोतवाली, सिविल लाइन, मस्तूरी, कोटा और अजाक क्षेत्र की विस्तार से जानकारी ली। थानों के संवेदनशील क्षेत्रों, अपराधों की प्रकृति और लंबित प्रकरणों पर सूक्ष्म पूछताछ की गई। वर्ष 2023 से पूर्व के लंबित गंभीर मामलों को प्राथमिकता से निराकृत करने के निर्देश थाना प्रभारियों को दिए गए।

### स्कूल-कॉलेज के पास पेट्रोलिंग, ईव-टीजिंग पर सख्ती

आईजी गर्ग ने स्कूल और कॉलेजों के आसपास नियमित पेट्रोलिंग पार्टी तैनात करने के निर्देश दिए। महिलाओं और छात्राओं के साथ छेड़छाड़, ईव-टीजिंग जैसी घटनाओं पर सख्त कार्वाई सुनिश्चित करने को कहा। समाज की शांति भंग करने वाले



गुंडा तत्वों के विरुद्ध कठोर कार्वाई और जमानत पर छूटे आरोपियों की जमानत निरस्तीकरण की प्रक्रिया अपनाने के निर्देश भी दिए गए।

### बीट सिस्टम की सराहना की

एसएसपी रजनेश सिंह ने बिलासपुर शहर के लिए लागू नए बीट सिस्टम का प्रेजेंटेशन दिया, जिसकी आईजी ने सराहना की। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश अंतिम पंक्ति के कमर्चारी तक स्पष्ट रूप से पहुंचें, यह सुनिश्चित किया जाए।

### फिंगरप्रिंट डाटाबेस व ऑनलाइन मिलान पर जोर

आईजी ने अपराधियों और संदिग्धों के फिंगरप्रिंट डाटाबेस को मजबूत करने तथा ऑनलाइन मिलान प्रणाली का प्रभावी उपयोग कर अपराधों की पतासाजी बढ़ाने के निर्देश दिए।

### फरियादियों की सुनवाई में संवेदनशीलता

आईजी गर्ग ने स्पष्ट कहा कि थानों में आने वाले फरियादियों की शिकायतों को संवेदनशीलता से सुना जाए। रिपोर्ट दर्ज करने में अनावश्यक विलंब बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### यातायात और ध्वनि प्रदूषण पर सख्ती

शहर की यातायात व्यवस्था में सुधार को लेकर भी चर्चा हुई। कोलाहल अधिनियम के तहत डीजे और ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले उपकरणों को जब्त कर न्यायालय में पेश करने के निर्देश दिए गए।

### ऐप मॉनिटरिंग और साइबर समीक्षा-

आईजी ने सशक्त और त्रिनयन ऐप की सतत मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। रेंज साइबर थाना और एआईसीसीयू यूनिट की अलग से समीक्षा किए जाने की जानकारी भी दी। बैठक के अंत में एसएसपी रजनेश सिंह ने सभी अधिकारियों को आईजी द्वारा दिए गए निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने की हिदायत दी। बैठक में एएसपी मधुलिका सिंह, पंकज पटेल, रामगोपाल करियारे सहित सभी डीएसपी, एसडीओपी, थाना व चौकी प्रभारी मौजूद रहे।






पीआरजीआई सं.-CTHIN/25/A3746 यह हिंदी सांध्य दैनिक समाचार पत्र नई दृष्टिबिंद स्वामी एवं प्रकाशक आलोक तिवारी द्वारा समय दर्शन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स द्वारा प्लॉट नं. 339/6, गली नं. 02, पाटन, थाना उतई, दुर्ग, (छ.ग.)-491111 से मुद्रित करवा कर। 80/बी, मैत्री विहार, राधिका नगर, सुपेला, भिलाई, जिला दुर्ग, (छत्तीसगढ़)-490023 से प्रकाशित संपादक आलोक तिवारी मो. 7415469100 (समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार), समस्त विवादों का निपटारण न्यायालयीन क्षेत्र दुर्ग होगा।